

सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र



चीनी मिल चन्दनपुर में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर पूजा पाठ एवं पेज: 3

संदीपा धरने अपनी फीमेल को-स्टार्स के साथ अपनी पेज: 8

वर्ष : 02 | अंक : 164 | शुक्रवार 18 सितंबर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए

संक्षिप्त समाचार

महाराष्ट्र सरकार की सीक्रेट डिप्लोमेसी और 20 दिन बाद खत्म हुआ मनोज जारांगे का अनशन

मुंबई (एजेंसी)। मराठा आरक्षण एक्टिविस्ट मनोज जारांगे पाटिल ने आज गुरुवार, 17 सितंबर को अपना 20 दिन का अनशन खत्म कर दिया है। मनोज जारांगे ने महाराष्ट्र सरकार से कहा है कि अगर तीन महीने में मराठा आरक्षण पर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो वे अपना विरोध प्रदर्शन राजधानी मुंबई तक ले जाएंगे।



पेरिस में इंटरनेशनल स्पेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने गए महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और जारांगे पाटिल के सहयोगियों के बीच बातचीत कराने में मदद की। मनोज जारांगे पाटिल के अनशन को लेकर कई दौर की बातचीत हुई, जिसमें उदय सामंत ने पेरिस से ही तालमेल बैठाया। उद्योग मंत्री ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से कई बार बात की। सूत्रों के मुताबिक, कुल सात बार बातचीत हुई।उद्योग मंत्री उदय सामंत ने एक कॉन्फ्रेंस कॉल की, जिसमें वे खुद, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल और बीजेपी नेता प्रसाद लाड शामिल रहे।

नासिक में अफसर की टेबल पर कुत्ते छोड़ गए प्रदर्शनकारी

बोरियों में भरकर लाए थे, आवारा कुत्तों को लेकर प्रशासन पर लापरवाही का आरोप


नासिक (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नासिक जिले में आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर प्रदर्शनकारियों ने अनोखा विरोध किया। युवा सेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता बोरियों में कुत्तों को भरकर निफाड़ नगर पंचायत के मुख्य अधिकारी धीरज भामरे के ऑफिस पहुंचे।

यहां उन्होंने बोरियां खोलकर कुत्तों को अफसर की टेबल पर छोड़ दिया। कुत्तों को टेबल पर देखकर अफसर भी चौंक गए।



प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर शिकायतों के बावजूद आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया और हंगामा भी किया।

लोगों का आरोप- कुत्तों ने कई लोगों को काटा लेकिन एक्शन नहीं- यह प्रदर्शन निफाड़ शहर और आसपास के इलाकों में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कुत्तों की बढ़ती संख्या से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं परेशान हैं। उनका दावा है कि कई लोगों को कुत्ते काट चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बार-बार शिकायत और ज्ञापन देने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कुत्तों की नसबंदी, उन्हें पकड़ने की उचित व्यवस्था और उनकी संख्या नियंत्रित करने की मांग की।



भगवान विश्वकर्मा राष्ट्र शिल्पी तो पीएम मोदी आधुनिक भारत के शिल्पकार: सीएम योगी



विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के जटाशंकर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक ओर भगवान विश्वकर्मा की जयंती है तो दूसरे और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के शिल्पी थे तो नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। योगी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के नाम पर चलाई जा रही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रदेश में अब तक 3 करोड़ से अधिक लोग अलग-अलग करीगारी और हस्तशिल्प के जरिए रोजगार कर जीवन यापन कर रहे हैं।

पीएम मोदी के 76वें जन्मदिन पर शुभकामनाओं का तांता, भाजपा सेवा संकल्प अभियान शुरू करेगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुवार को 76वां जन्मदिन है। 17 सितंबर, 1950 को गुजरात के वडनगर में उनका जन्म हुआ था। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली एनडीए के नेताओं उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर नेताओं ने उनके नेतृत्व, जनसेवा के प्रति समर्पण और देश के विकास में योगदान की तारीफ की। बीजेपी पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर एक महीने का 'सेवा संकल्प अभियान' भी शुरू कर रही है। यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें पूरे देश में सेवा गतिविधियां और आउटरीच प्रोग्राम होंगे। यह अभियान पीएम मोदी के पब्लिक सर्विस में 25 साल पूरे होने का भी प्रतीक है।

बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

- बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि वह एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो देश में सामाजिक समरसता का मंत्र फूंकते हैं।
- **खड़गे और राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी-** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर अच्छी सेहत और लंबी उम्र की शुभकामनाएं दीं।
- **राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी-** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, मोदी जी के नेतृत्व में भारत 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।
- **अमित शाह ने पीएम को जन्मदिन की बधाई दी-** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी, उनकी 25 साल की जनसेवा की तारीफ की और उनके राजनीतिक सफर को त्याग, देश सेवा और पक्के इरादे की मिसाल बताया।
- **निर्मला सीतारमण ने पीएम मोदी को शुभकामनाएं दीं-** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह अशांत समय के बीच देश को विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं।
- **बीजेपी चीफ नबीन ने जन्मदिन पर पीएम मोदी की लंबी उम्र की कामना की-** भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में भारत विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छू रहा।
- **उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने पीएम मोदी के विजन की तारीफ की-** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर दिल से बधाई दी। उन्होंने पीएम मोदी के शासन में भारत की आर्थिक मजबूती, गरीबी कम करने और सबको साथ लेकर चलने वाले विकास के कामों पर जोर दिया।
- **केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जन्मदिन की बधाई दी-** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी, और जनसेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण को देश के लिए प्रेरणा बताया।

पीएम मोदी का 76वां जन्मदिन

● बंगाल में अन्नपूर्णा योजना की किश्त जारी ● शाह बोले- मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना/अहमदाबाद (एजेंसी)। पीएम मोदी का गुरुवार को 76वां जन्मदिन है। इस मौके पर देशभर में सेवा-संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पश्चिम बंगाल में अन्नपूर्णा योजना की किश्त जारी की। मोदी ने कहा कि बंगाल के लोगों को लंबे समय तक केंद्र की योजनाओं को लाभ नहीं मिल पाया, जिससे उन्हें नुकसान हुआ।

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में हैं। उन्होंने मोदी के जन्मस्थान वडनगर से वाराणसी तक करीब 1300 किमी की बाइक रैली रवाना की। वाराणसी से भी वडनगर के लिए बाइक रैली शुरू हुई। इसमें करीब 600 बाइकर्स, 10 राज्य और 193 जिले शामिल होंगे। इसका समापन 7 अक्टूबर को होगा।

मप्र उज्जैन में आशीर्वाद के दिए जगमगाए- मप्र उज्जैन में आशीर्वाद के दीये जगमगाए। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोशल मीडिया के जरिए देशवासियों से घर के बाहर दीये जलाने की अपील की थी।

वाराणसी में बाइकर्स को लड्डू बांटे गए- उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और एमओएस पंकज चौधरी ने वाराणसी में बाइकर्स को लड्डू बांटे। ये वाराणसी से वडनगर जाएंगे और पीएम की 25 साल की सेवा का संदेश फैलाएंगे।



पश्चिम बंगालः हुगली नदी किनारे 8.5 लाख दीये जलाए - 17 सितंबर की शाम हुगली नदी के किनारे 10 से अधिक घाटों को रोशन किया। कदमताल घाट पर अकेले एक लाख दीये रोशन हुए।

सीएम रेखा ने दान किए शरीर के 14 अंग

पीएम मोदी के जन्मदिन पर पेश की अनूठी मिसाल, मरणोपरांत भी धड़केगा दिल



नईदिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मानवता और परोपकार की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने इस खास मौके पर अपने शरीर के विभिन्न अंगों और ऊतकों के महादान का संकल्प लिया है, जो चिकित्सा जगत और जरूरतमंदों के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण जगाएगा।

सेमीकॉन इंडिया 2026 का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, बोले-

भारत पर बढ़ रहा भरोसा

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार को दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में सेमीकॉन इंडिया 2026 प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने वहां का दौरा किया और प्रतिभागियों से बातचीत भी की। नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय 17 से 19 सितंबर तक होने वाला यह इवेंट इंडस्ट्री की भागीदारी, पॉलिसी की दिशा और इंटरनेशनल पार्टनरशिप पर केंद्रित है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, यह कॉन्फ्रेंस सिलिकॉन टू सिस्टम्सः बिल्डिंग द इकोसिस्टम थीम के तहत इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम), मेटी बाय और ग्लोबल इंडस्ट्री बॉडी एमईएमआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही है।



रांची आरएसएस कार्यालय पेट्रोल बम हमला कांड

● ईडी ने शुरू की फंडिंग की जांच, चार राज्यों में छापेमारी

रांची (एजेंसी)। राजधानी रांची के निवारणपुर स्थित आरएसएस कार्यालय पर हुए पेट्रोल बम हमले की जांच अब वित्तीय लेन-देन तक पहुंच गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गुरुवार को इस मामले से जुड़े कथित फंडिंग एंगल की जांच कर रही है। एजेंसी ने दिल्ली, बिहार, झारखंड और कर्नाटक में चार ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान शुरू किया है। मामले में प्रेडिकेट ऑफेंस एनआईए की ओर से दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार छापेमारी ईडी की दिल्ली टीम द्वारा की जा रही है।



चार राज्यों में एक साथ तलाशी अभियान- ईडी की कार्रवाई दिल्ली, बिहार, झारखंड और कर्नाटक में चल रही है। एजेंसी की जांच का मुख्य फोकस एनआईए के मामले से जुड़े कथित वित्तीय लेन-देन और मनी ट्रेल पर है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा

तमिलनाडु में हिंदी पढ़ाने से नहीं रोक सकते

● दिल्ली से अलग-थलग नहीं चेन्नई, राज्य सरकार भाषा पर अपनी सोच बदले

नईदिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि हिंदी को लेकर आपको अपनी सोच बदलने की जरूरत है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी।

कोर्ट ने चेन्नई और दिल्ली को एक-दूसरे से अलग-थलग करने की सोच पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि चेन्नई में बैठे लोगों को दिल्ली में बैठे लोगों से अलग नहीं होना चाहिए और न ही दिल्ली को चेन्नई से।

कोर्ट की यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आई। राज्य ने मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें हर जिले में नवोदय विद्यालय शुरू करने का आदेश दिया गया था। राज्य सरकार का कहना है कि नवोदय विद्यालयों की व्यवस्था उसकी शिक्षा और भाषा नीति से मेल नहीं खाती।




नवोदय विद्यालयों की स्थापना को लेकर राज्य और केंद्र में विवाद- पूरा मामला तमिलनाडु में नवोदय विद्यालय खोलने को लेकर है। ये केंद्र सरकार की मदद से चलने वाले आवासीय स्कूल हैं। यहां लड़के और लड़कियां दोनों पढ़ते हैं और छात्रों के रहने की भी व्यवस्था होती है।

यूपीआई पर शुल्क लगा तो बंद हो सकते हैं 2000 रुपये से ऊपर के ऑनलाइन भुगतान


● सीटीआई ने दी आंदोलन की चेतावनी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार द्वारा 2000 रुपये से अधिक के डिजिटल यूपीआई ट्रांजैक्शन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) यानी शुल्क लगाने की संभावनाओं के बीच व्यापारियों और पेट्रोल पंप संचालकों में भारी रोष है। दिल्ली के प्रमुख व्यापारिक संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने इसका कड़ा विरोध करते हुए चेतावनी दी है कि यदि यह शुल्क थोपा गया तो व्यापारी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।



पेट्रोल पंप संचालकों की बढ़ेगी मुश्किल

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि देश के कई पेट्रोल पंप संचालकों ने संगठन से संपर्क कर अपनी चिंता जताई है। संचालकों का कहना है कि अगर 2000 रुपये से ऊपर के यूपीआई पेमेंट पर शुल्क लगता है, तो वे ऑनलाइन भुगतान लेना बंद कर सकते हैं।



हिमाचल-उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी

नईदिल्ली/भोपाल/पटना/जयपुर/लखनऊ (एजेंसी)। देश के कई राज्यों में मानसून सक्रिय है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत छह राज्यों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी हुई।

हिमाचल में गुरुवार सुबह रोहतांग, भरमौर और मनाली के पहाड़ों पर एक से डेढ़ इंच बर्फ गिरी। इन क्षेत्रों में 15 अक्टूबर के आसपास हिमपात होता है, लेकिन इस बार करीब एक महीना पहले बर्फ देखने को मिली है।

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले की गुरेज घाटी में बर्फबारी हुई है। उत्तराखंड के केदारनाथ, हेमकुंड साहिब और चमोली में भी ओलों के साथ हल्की बर्फ गिरी है।



बिहार में बाढ़ से 100 से ज्यादा सड़कें बहीं

देहरादून में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर दोबारा लैंडस्लाइड हुई।

बिहार के 15 जिलों में करीब 50 लाख की आबादी अभी भी बाढ़ से प्रभावित है। 26 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। राज्य में 700 से ज्यादा ग्रामीण सड़कें डूबी थीं, जिनमें 100 से ज्यादा पूरी तरह बह गईं, 400 सड़कें 50 प्रतिशत से ज्यादा टूटीं और 200 क्षतिग्रस्त हैं।

हेमकुंड साहिब में हुई सीजन की पहली बर्फबारी, केदारनाथ धाम में हो रही हल्की बारिश- सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल श्री हेमकुंड साहिब में सीजन की पहली बर्फबारी से रौनक लौट आई है. गुरुवार 17 सितंबर सुबह बारिश के साथ हेमकुंड साहिब में ताजा बर्फबारी हुई।

संपादकीय

स्कूल के शूल

पिछले दिनों आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम का वह वीडियो पूरे देश में वायरल हुआ, जिसमें एक प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका बच्चे को डांटती और थप्पड़ मारती नजर आ रही थी। उसके बाद बच्चे को कटे पेड़ की तरह गिरते देखा गया। बताते हैं कि होमवर्क पूरा न करने पर टीचर ने एलकेजी के छह वर्षीय छात्र प्रणय तेजा को पहले बुरी तरह डांटा और फिर उसे जोर से थप्पड़ मारा, जो उसे एक शॉक की तरह लगा। सीसीटीवी कैमरे की पुलिस द्वारा हासिल रिकॉर्डिंग में बच्चे की पिटाई और जमीन पर गिरने का दृश्य स्पष्ट दिखाई दे रहा था। बच्चे को अस्पताल ले जाया गया। जहां बताया गया है कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। इस घटना के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन भी हुए। अभिभावकों का आरोप है कि बच्चा घर से स्वस्थ स्थिति में स्कूल के लिए निकला था। उसे कोई रोग भी नहीं था। बाकायदा उसने स्कूल जाने की खुद जिद की। उसके पिता के अनुसार उनका परिवार एक तीर्थयात्रा पर गया था, जिसकी वजह से वह होमवर्क नहीं कर सका। इसके बाद टीचर के खिलाफ कार्रवाई और निजी स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने और संवेदनशील व्यवहार की मांग तेज हुई। वहीं दूसरी ओर स्कूल प्रशासन ने दलील दी कि खेल के मैदान में गिरने की वजह से बच्चे की जान गई। बताया जाता है कि स्कूल में कोई खेल का मैदान था ही नहीं। पूरी दुनिया में ऐसे तमाम अध्ययन व शोध निष्कर्ष सामने आ चुके हैं कि स्कूली बच्चों का किसी भी तरह शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। यह न केवल शिक्षकों का शैक्षिक दायित्व है बल्कि वे इसके लिये कानूनी रूप से भी बाध्य हैं। लेकिन विडंबना यह है कि शिक्षकों ने जाने क्यों मान लिया है कि किसी छात्र की गलती को दंडित या प्रताड़ित कर-के ही सुधारा जा सकता है। कहीं न कहीं यह शिक्षकों में धैर्य व तार्किक सोच की कमी को भी दर्शाता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी पिछले दिनों ऐसी ही घटना सामने आई। वहां विनोद नगर में एक सरकारी स्कूल की ग्यारह साल की छात्रा की सजा दिए जाने के बाद मौत हो गई। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि वह क्लास में किताब लाना भूल गई। शिक्षिका ने उसे क्लास के पीछे हाथ ऊपर करके खड़े होने की सजा दी। कक्षा में इस तरह काफी देर तक खड़े रहने और अपमान से आहत होने के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। इसी तरह की अन्य घटना में फरीदाबाद के एक स्कूल में मामूली बात पर छात्रा को चार घंटे खड़े होने की सजा दी गई। घटना से आहत व अपमानित महसूस करके छात्रा ने स्कूल की छत से कूदकर जान दे दी।

चिंतन-मनन

आत्मा का दिव्य भाव


जो व्यक्ति दिव्य पद पर स्थित है, वह न किसी से ईर्ष्या करता है और न किसी वस्तु के लिए लालायित रहता है। जब कोई जीव इस संसार में भौतिक शरीर से युक्त होकर रहता है, तो समझना चाहिए कि वह प्रकृति के तीन गुणों में से छूट जाता है। लेकिन जब तक वह शरीर से बाहर नहीं आ जाता, तब तक उसे उदासीन रहना चाहिए। उसे भगवान की भक्ति में लग जाना चाहिए जिससे भौतिक देह से उसका ममत्व स्वतः विस्मृत हो जाए। जब मनुष्य भौतिक शरीर के प्रति सचेत रहता है तो वह केवल इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, लेकिन जब चेतना कृष्ण में स्थानान्तरित कर देता है, तो इन्द्रियतृप्ति स्वतः रुक जाती है। मनुष्य को इस भौतिक शरीर की आवश्यकता नहीं रह जाती है और न उसे भौतिक शरीर के आदेशों के पालन की आवश्यकता रह जाती है। शरीर के भौतिक गुण कार्य करेंगे, लेकिन आत्मा ऐसे कार्य से पृथक रहेगी। वह न तो शरीर का भोग करना चाहती है, न उससे बाहर जाना चाहती है। इस प्रकार दिव्य पद पर स्थित भक्त स्वयमेव मुक्त हो जाता है। उसे प्रकृति के गुणों के प्रभाव से मुक्त होने के लिए किसी प्रयास की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती। भौतिक पद पर स्थित व्यक्ति शरीर को मिलने वाले तथाकथित मान-अपमान से प्रभावित होता है, लेकिन दिव्य पद पर आसीन व्यक्ति ऐसे मिथ्या मान-अपमान से प्रभावित नहीं होता। वह इसकी चिन्ता नहीं करता कि कोई व्यक्ति उसका सम्मान करता है या अपमान। वह उन बातों को स्वीकार कर लेता है, जो कृष्णभावनामृत में उसके कर्त्तव्य के अनुकूल हैं, अन्यथा उसे किसी भौतिक वस्तु की आवश्यकता नहीं रहती। वह प्रत्येक व्यक्ति को जो कृष्णभावनामृत के सम्पादन में उसकी सहायता करता है, मित्र मानता है और तथाकथित शत्रु से भी घृणा नहीं करता। वह समभाव वाला होता है और सारी वस्तुओं को समान धरातल पर देखता है, क्योंकि वह इसे भलीभांति जानता है कि उसे इस संसार से कुछ लेना-देना नहीं है।

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

सेमीकॉन इंडिया 26 सिलिकॉन से सिस्टम तक विकसित भारत 2047 की नई उड़ान



विनोद सिंह 'तकियावाला

युवा इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और विनिर्माण के संगम से बदल रही भारत की अर्थव्यवस्था; प्रधानमंत्री मोदी ने कहा -नीति से आगे बढ़कर अब भारत में बन रहे हैं चिप और वैश्विक बाजार तक पहुँच रही है, भारतीय तकनीक...

वैश्विक मानचित्र पर किसी देश की आर्थिक शक्ति का आकलन केवल उसकी सड़कों,रेल लाइनों, बंदरगाहों,गगनचुंबी इमारतों या डिजिटल नेटवर्क से नहीं होता। बल्कि आज के बदलते परिवेश में उस देश की असली ताकत इस बात से भी तय होती है कि वह नवीन तकनीकों का निर्माण कितना कर सकता है,जो इन सभी व्यवस्थाओं को संचालित करती हैं।आज की डिजिटल अर्थव्यवस्था में सेमीकंडक्टर ऐसी ही बुनियादी तकनीक बन चुका है। मोबाइल फोन से लेकर रेलवे, ऑटोमोबाइल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, चिकित्सा उपकरण, रक्षा प्रणाली, अंतरिक्ष तकनीक और डेटा सेंटर तक शायद ही कोई आधुनिक क्षेत्र हो,जिसकी कार्यप्रणाली चिप के बिना पूरी हो सके। इसी बदलती वैश्विक तकनीकी व्यवस्था के बीच नई दिल्ली का यशोभूमि इन दिनों केवल एक प्रदर्शनी स्थल नहीं,बल्कि भारत की भावी आर्थिक और तकनीकी दिशा का साक्षी बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर को सेमीकॉन इंडिया 2026 के पाँचवें संस्करण का उद्घाटन किया। 17 से 19 सितंबर तक चलने वाले इस इ सेमीकॉन इंडिया 2026 का विषय है–'सिलिकॉन से सिस्टम तक : इकोसिस्टम का निर्माण'। 52 देशों की भागीदारी, 600 से अधिक प्रदर्शक,150 से अधिक वक्ता छह देश मंडप और 12 राज्य मंडप इस आयोजन को वैश्विक तकनीकी संवाद का महत्वपूर्ण मंच बना रहे हैं। सर्व विदित रहे कि सेमीकॉन इंडिया 2026 का महत्व केवल इसकी भव्यता और वैश्विक भागीदारी में नहीं है।इसका वास्तविक महत्व उस परिवर्तन में छिपा है,जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उद्घाटन संबोधन में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा अब परियोजनाओं की घोषणा और निर्माण के चरण से आगे बढ़कर वाणिज्यिक उत्पादन तक पहुँच गई है।उनके अनुसार पहले सेमीकॉन आयोजन में नीतियों पर चर्चा हुई,फिर परियोजनाओं और शिलान्यास की बात आई,पिछले वर्ष पायलट लाइन और टेस्ट चिप की चर्चा हुई और अब भारतीय संयंत्रों से तैयार चिप ग्राहकों तक पहुँचने लगी है।यही बदलाव विकसित भारत 2047 की बड़ी तस्वीर को समझने की कुंजी भी है।भारत ने लंबे समय तक इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में मुख्यतः उपभोक्ता बाजार के रूप में अपनी पहचान बनाई। मोबाइल फोन से लेकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तक भारत में खपत तेजी से बढ़ी,लेकिन उसके पीछे लगने वाली चिप तकनीक का बड़ा हिस्सा बाहर से आता रहा।आज तस्वीर बदलने की कोशिश हो रही है।अब लक्ष्य केवल चिप का इस्तेमाल करना नहीं,बल्कि उसके डिजाइन से लेकर निर्माण,पैकेजिंग, परीक्षण, उपकरण,सामग्री और अंततः चिप से तैयार सिस्टम तक पूरी मूल्य श्रृंखला को भारत में मजबूत करना है।इसीलिए इस वर्ष का 'सिलिकॉन से सिस्टम तक' विषय अपने भीतर एक बड़ी आर्थिक कहानी समेटे हुए है। यशोभूमि में प्रदर्शित 'सैंड से सिलिकॉन से सिस्टम' मूल्य श्रृंखला यह दिखाती है कि भारत की महत्वाकांक्षा केवल किसी एक फैब या पैकेजिंग इकाई तक सीमित नहीं है।लक्ष्य एक ऐसा व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है,जिसमें डिजाइनर, इंजीनियर, निमार्ता,उपकरण कंपनियाँ,कच्चे माल के उत्पादक, शोध संस्थान, स्टार्टअप और अंतिम इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली बनाने वाली कंपनियाँ एक-दूसरे से जुड़ें। यहीं से विकसित भारत 2047 का सपना सेमीकॉन इंडिया 2026 से जुड़ता है।

2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा। उस समय भारत की अर्थव्यवस्था कैसी होगी, उसकी वैश्विक तकनीकी भूमिका क्या होगी और उसके युवाओं के पास किस प्रकार के रोजगार होंगे,इन प्रश्नों के उत्तर आज की नीतियों और निवेश से तैयार होंगे।सेमीकंडक्टर क्षेत्र इस भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल एक उद्योग नहीं,बल्कि अनेक उद्योगों की आधारभूत तकनीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में भारत की इस यात्रा को नई गति मिलने की बात कही और यह भी रेखांकित किया कि भारत ने कुछ ही वर्षों में वह प्रगति की है,जिसमें सामान्यतः अधिक लंबा समय लगता है। उन्होंने भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा को दूसरे चरण में प्रवेश करने वाला बताया।साथ ही उन्होंने उद्योग जगत से अनुसंधान एवं विकास में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और भारत तथा विदेशों में शोध कर रहे युवा वैज्ञानिकों और प्रतिभाओं को देश की उन्नत तकनीकी यात्रा से जुड़ने का आग्रह किया।युवा इंजीनियर इस पूरी कहानी का सबसे महत्वपूर्ण अध्याय हैं।सेमीकंडक्टर उद्योग में केवल पूंजी लगाने से कारखाना खड़ा नहीं होता। इसके लिए डिजाइन इंजीनियर, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स विशेषज्ञ, सामग्री वैज्ञानिक, उपकरण इंजीनियर, सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ, पैकेजिंग विशेषज्ञ,परीक्षण विशेषज्ञ और अनुसंधानकर्ता चाहिए। यही कारण है कि सेमीकॉन इंडिया 2026 में वर्कफोर्स डेवलपमेंट पवेलियन और छात्र हैकाथॉन जैसे कार्यक्रमों को भी स्थान दिया गया है।लगभग 40 स्टार्टअप वाला स्टार्टअप पवेलियन भी यह संदेश देता है कि भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा केवल बड़ी कंपनियों की कहानी नहीं है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को चिप डिजाइन का प्रशिक्षण दिए जाने और उन्हें स्वयं चिप डिजाइन करने के अवसर मिलने की चर्चा की।यह बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। इंजीनियरिंग की शिक्षा अब केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रह सकती।भारत को ऐसे इंजीनियर चाहिए जो समस्या को समझें,डिजाइन तैयार करें, प्रयोग करें,असफल हों और फिर नया समाधान विकसित करें। प्रयोगशाला से उद्योग और उद्योग से बाजार तक जाने वाली यही संस्कृति विकसित भारत की तकनीकी नींव बनेगी।सेमीकॉन 2.0 इसी दिशा में अगला कदम है।इस कार्यक्रम का जोर केवल बड़े सिलिकॉन फैब पर नहीं, बल्कि डिजाइन,विशेषीकृत फैब, उन्नत पैकेजिंग,उपकरण एवं घटक निर्माण,कच्चे माल, अनुसंधान एवं विकास तथा प्रतिभा निर्माण जैसे क्षेत्रों पर है। यानी सरकार अब पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने की दिशा में बढ़ रही है। कार्यक्रम में चिप डिजाइन, उपकरण और सामग्री से लेकर अनुसंधान और कौशल तक अनेक स्तरों को समर्थन देने की व्यवस्था की गई है।इसका सीधा संबंध भारत की अर्थव्यवस्था से है।भारत को यदि 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है तो उसे उच्च मूल्य वाले विनिर्माण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी। सेवा क्षेत्र ने भारत को वैश्विक पहचान दी है,लेकिन आने वाले समय में विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स,सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, हरित ऊर्जा,अंतरिक्ष और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्र आर्थिक विकास के नए इंजन बन सकते हैं।सेमीकंडक्टर इन सभी क्षेत्रों के बीच एक साझा कड़ी है।

एक चिप केवल एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक घटक नहीं है। इसके पीछे डिजाइन सॉफ्टवेयर से लेकर अत्यंत शुद्ध सामग्री, विशेष मशीनें,र सायन, गैसें, परीक्षण प्रयोगशालाएँ, पैकेजिंग तकनीक और प्रशिक्षित मानव संसाधन की पूरी श्रृंखला होती है।इसलिए भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग का विस्तार होने का अर्थ हजारों प्रत्यक्ष नौकरियों के साथ उससे जुड़े अनेक सहायक उद्योगों, सेवाओं और आपूर्ति श्रृंखलाओं का विकास भी है।इसीलिए सेमीकॉन इंडिया 2026 को रोजगार और युवा उद्यमिता के दृष्टिकोण से भी देखना आवश्यक है।अतीत के आने वाले वर्षों में चिप डिजाइन, एम्बेडेड सिस्टम, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिक वाहन, डेटा सेंटर और स्मार्ट विनिर्माण के क्षेत्र में नई विशेषज्ञता की मांग बढ़ेगी।भारत के इंजीनियरिंग संस्थानों के सामने यह अवसर है कि वे अपने पाठ्यक्रम और प्रयोगशालाओं को भविष्य की इन जरूरतों से जोड़ें।प्रधानमंत्री ने उद्योग से अनुसंधान एवं विकास की जिम्मेदारी अधिक सक्रियता से लेने का आह्वान भी इसी संदर्भ में किया।भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक यह है कि शोध को प्रयोगशाला से बाजार तक पहुँचाने की गति कैसे बढ़ाई जाए। यदि विश्वविद्यालय में तैयार तकनीक उद्योग तक नहीं पहुँचती और उद्योग की समस्या शोध संस्थानों तक नहीं पहुँचती,तो दोनों की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो पाता।सेमीकंडक्टर जैसे अत्याधुनिक क्षेत्र में यह दूरी और भी कम करनी होगी।भारत के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलता परिदृश्य भी एक अवसर लेकर आया है।दुनिया अब ऐसे नए और भरोसेमंद स्थान चाहती है जहाँ महत्वपूर्ण तकनीकों का उत्पादन विविधीकृत रूप में किया जा सके।प्रधानमंत्री ने भी कहा कि दुनिया को चिप निर्माण के लिए नए और भरोसेमंद स्थानों की आवश्यकता है और भारत स्वयं को एक पसंदीदा गंतव्य बनाने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। इस अवसर का लाभ केवल निवेश आकर्षित करके नहीं उठाया जा सकता।इसके लिए गुणवत्ता,समयबद्ध उत्पादन, विश्वसनीय ऊर्जा,पानी, लॉजिस्टिक्स,कुशल मानव संसाधन और अनुसंधान की मजबूत व्यवस्था चाहिए। .भारत में समर्पित माल गलियारों, औद्योगिक गलियारों, बंदरगाहों और डिजिटल बुनियादी ढाँचे का विस्तार इसी व्यापक औद्योगिक व्यवस्था का हिस्सा है। आधुनिक चिप उद्योग को जिस प्रकार की जटिल आपूर्ति श्रृंखला चाहिए, उसके लिए भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढाँचा दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता इस पूरी कहानी को और बड़ा बना रही है। एआई के लिए उच्च क्षमता वाली कंप्यूटिंग,डेटा सेंटर और उन्नत चिप की आवश्यकता होगी। दूसरी ओर सेमीकंडक्टर उद्योग स्वयं एआई आधारित डिजाइन, परीक्षण और विनिर्माण तकनीकों से लाभ उठा सकता है।यानी एआई और सेमीकंडक्टर एक-दूसरे को गति देने वाले क्षेत्र बन सकते हैं।भारत यदि दोनों क्षेत्रों में अपनी युवा प्रतिभा को पर्याप्त अवसर देता है तो विकसित भारत की अर्थव्यवस्था में उच्च तकनीकी उद्योगों का महत्व और बढ़ सकता है। स्टार्टअप इस परिवर्तन के तीसरे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। सेमीकॉन इंडिया 2026 में लगभग 40 स्टार्टअप की भागीदारी यह बताती है कि चिप उद्योग का भविष्य केवल कुछ वैश्विक दिग्गज कंपनियों के हाथ में नहीं रहना चाहिए। चिप डिजाइन, सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एम्बेडेड सिस्टम, परीक्षण और विशिष्ट औद्योगिक समाधान के क्षेत्र में छोटे और मध्यम उद्यम भी अपनी जगह बना सकते हैं।सेमीकॉन 2.0 में चिप डिजाइन स्टार्टअप और एमएसएमई के लिए वित्तीय तथा तकनीकी समर्थन की व्यवस्था इसी दिशा में है। यहाँ भारत की युवा शक्ति को एक नया अवसर दिखाई देता है।जिस देश में लाखों युवा इंजीनियर हर वर्ष तकनीकी संस्थानों से निकलते हैं,यदि उनमें से एक हिस्सा भी डीप-टेक और सेमीकंडक्टर स्टार्टअप की ओर जाता है तो आने वाले वर्षों में भारत केवल वैश्विक कंपनियों के लिए प्रतिभा उपलब्ध कराने वाला देश नहीं रहेगा,बल्कि स्वयं वैश्विक तकनीकी कंपनियाँ पैदा कर सकता है।इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री का यह आग्रह महत्वपूर्ण है कि विदेशों में शोध कर रहे भारतीय युवा भी भारत की उन्नत तकनीकी यात्रा में योगदान दें। प्रतिभा का वैश्विक अनुभव भारत की घरेलू क्षमता के साथ जुड़े तो शोध,उद्योग और नवाचार के बीच एक नई श्रृंखला तैयार हो सकती है।भारत की आर्थिक यात्रा में यह परिवर्तन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विकसित भारत का अर्थ केवल अधिक बड़ा सकल घरेलू उत्पाद नहीं है।विकसित भारत का अर्थ ऐसी अर्थव्यवस्था भी है, जो महत्वपूर्ण तकनीकों के लिए पूरी तरह दूसरों पर निर्भर न हो,जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका निभाए, जो उच्च कौशल वाले रोजगार पैदा करे और जो अपने युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं,बल्कि तकनीक और उद्योग का निमार्ता बनाए।सेमीकॉन इंडिया 2026 इसी बदलाव की एक जीवंत तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। यशोभूमि में एक ओर विश्व की बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनियाँ हैं, दूसरी ओर भारतीय स्टार्टअप और युवा प्रतिभाएँ। एक ओर चिप निर्माण की मशीनें और उपकरण हैं, दूसरी ओर डिजाइन और अनुसंधान की नई संभावनाएँ।एक ओर वैश्विक निवेश और साझेदारी है, दूसरी ओर आत्मनिर्भर तकनीकी क्षमता की आकांक्षा।प्रधानमंत्री ने उद्घाटन के दौरान यह भी रेखांकित किया कि भारत की कहानी अब फाइलों और परियोजना घोषणाओं तक सीमित नहीं है।भारतीय संयंत्रों से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होना इस यात्रा के अगले चरण का संकेत है। सेमीकॉन 1.0 के तहत स्वीकृत 12 परियोजनाओं में से तीन इकाइयों के वाणिज्यिक उत्पादन में आने की जानकारी भी सामने आई है। अब चुनौती इस शुरूआती सफलता को व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने की है।यही वह बिंदु है जहाँ से सेमीकॉन इंडिया 2026 और विकसित भारत 2047 का रिश्ता सबसे स्पष्ट दिखाई देता है। 2047 का भारत यदि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह मजबूत करना चाहता है तो उसे केवल बाजार नहीं,बल्कि तकनीकी शक्ति भी बनना होगा। चिप उस तकनीकी शक्ति की बुनियादी इकाई है।भारत की युवा इंजीनियरिंग शक्ति इस परिवर्तन की धुरी बन सकती है। आज का इंजीनियर ही कल का चिप डिजाइनर, शोधकर्ता, उद्यमी, फैब विशेषज्ञ,एआई वैज्ञानिक या वैश्विक तकनीकी कंपनी का संस्थापक बन सकता है।आवश्यकता केवल इतनी है कि उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशाला,उद्योग से जुड़ने का अवसर,अनुसंधान का वातावरण और असफल होने के बाद फिर प्रयास करने की स्वतंत्रता मिले।सेमीकॉन इंडिया 2026 इसलिए एक आयोजन से कहीं अधिक है।यह भारत की उस यात्रा का प्रतीक है,जिसमें देश डिजिटल उपभोक्ता से डिजिटल निमार्ता,तकनीकी उपयोगकर्ता से तकनीकी नवप्रवर्तक और परियोजना प्रस्ताव से वाणिज्यिक उत्पादन की ओर बढ़ रहा है।

मोदी को 'धमकाना' ट्रंप को पड़ा भारी! रूसी तेल पर अमेरिका के नए दांव का भारत ने दिया करारा जवाब

कहने को तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नरेंद्र मोदी को अपना अच्छा दोस्त कहते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि शायद वह मोदी को अब तक अच्छे से जान ही नहीं पाए हैं। देखा जाये तो जो लोग नरेंद्र मोदी को जानते नहीं, वह अक्सर धमकियों, प्रतिबंधों और आर्थिक दबाव के सहारे उन्हें झुकाने का सपना देखते हैं। लेकिन मोदी का संकल्प साफ है कि भारत के हितों से समझौता नहीं होगा और देश को किसी विदेशी दबाव के आगे झुकने नहीं देना है। उनके हर फैसले में यही दृढ़ता दिखाई देती है। दूसरी ओर, ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत से ही भारत पर दबाव बनाने के लिए शुल्क, व्यापारिक दबाव और रूस से तेल खरीद बंद कराने जैसी तमाम कोशिशें कीं, लेकिन नई दिल्ली ने हर बार अपने राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च रखा। अब अमेरिका एक बार फिर टैरिफ रूपी आर्थिक हथियार लेकर मैदान में उतरा है, लेकिन मोदी सरकार ने भी बिना देर किए वाशिंगटन को साफ संदेश दे दिया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक हित किसी विदेशी दबाव की कीमत पर तय नहीं होंगे।

हम आपको बता दें कि जिस विधेयक को अमेरिकी कांग्रेस में पहली बार अप्रैल 2025 में पेश किया गया था, वह करीब डेढ़ साल तक अमेरिकी राजनीति और ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं के बीच अटका रहा। लेकिन इस महीने यानि सितंबर 2026 में तस्वीर अचानक बदल गई। भारत में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ सक्रिय कूटनीतिक भागीदारी के कुछ ही दिनों बाद अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने रूस और ईरान पर नए प्रतिबंधों वाला विधेयक पारित कर दिया। घटनाक्रम का समय भले ही संयोग हो, लेकिन संदेश बेहद स्पष्ट है कि वाशिंगटन रूस से जुड़े देशों पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए अब शुल्क को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने को तैयार है।

लेकिन भारत ने भी अमेरिका को उसी क्षण जवाब दे दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने दो टूक कहा कि भारत अपने 140 करोड़ नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत बदलती बाजार परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग स्रोतों से ऊर्जा खरीदता रहेगा। इतना ही नहीं, नई दिल्ली ने अमेरिका को याद दिलाया कि इस कदम के भारत-अमेरिका संबंधों के साथ-साथ पूरे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के बारे में अमेरिकी पक्ष को पहले ही उच्च स्तर पर स्पष्ट रूप से बताया जा चुका है। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि भारत अपने व्यापार और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी



आवश्यक कदम उठाएगा। यानी अमेरिका शुल्क की धमकी दे सकता है, लेकिन भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा की कीमत पर किसी विदेशी दबाव के आगे झुकने के लिए तैयार नहीं है।

दरअसल, जिस विधेयक को अब ह्यलिंडसे ओ. ग्राहम रूस और ईरान प्रतिबंध अधिनियम 2026ह्व कहा जा रहा है, उसकी कहानी डेढ़ साल पुरानी है। अप्रैल 2025 में लिंडसे ग्राहम और रिचर्ड ब्लूमेंथल ने रूस के खिलाफ कड़े प्राथमिक और द्वितीयक प्रतिबंधों की पहल की थी। इसके बाद लंबे समय तक इसे कांग्रेस और प्रशासन के बीच समर्थन जुटाने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। जुलाई 2026 में व्हाइट हाउस से सहमति बनने के बाद इसकी राह खुली। अगस्त में सीनेट ने इसे 86 के मुकाबले 11 मतों से पारित किया और 16 सितंबर को प्रतिनिधि सभा ने 262 के मुकाबले 159 मतों से इसे मंजूरी दे दी।

यह विधेयक अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों पर सौ प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अधिकार देता है। भारत और चीन इसके निशाने पर हैं। इसके पीछे अमेरिकी रणनीति रूस की ऊर्जा आय को चोट पहुंचाने की है, ताकि यूक्रेन युद्ध के लिए मास्को को मिलने वाले आर्थिक संसाधनों पर दबाव बनाया जा सके। विधेयक में रूस के ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों के साथ-साथ प्रतिबंधों से बचने वाले उसके जहाजी बेड़े पर भी शिकंजा कसने का प्रावधान है। लेकिन अमेरिका शायद यह भूल रहा है कि भारत रूस से तेल किसी राजनीतिक एहसान के लिए नहीं खरीद रहा।

भारत की जरूरत है सस्ती, विश्वसनीय और लगातार उपलब्ध ऊर्जा। 2022 में रूस भारत के लिए कोई बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता नहीं था। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप द्वारा रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाए जाने से रूस का कच्चा तेल भारी छूट पर उपलब्ध हुआ और भारत ने अपने आर्थिक हित में इसे खरीदना शुरू किया। इसके बाद रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। वित्त वर्ष 2026 में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूसी हिस्सेदारी 30.3 प्रतिशत रही और करीब 134.7 अरब डॉलर के कुल आयात में रूस से आने वाले तेल की कीमत 40.8 अरब डॉलर रही। जुलाई 2026 में तो भारत के आयातित तेल में रूसी हिस्सेदारी आधे से भी ज्यादा पहुंच गई।

इसके अलावा, आज वैश्विक परिस्थितियों को देखें तो वह भी सामान्य नहीं हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध और आपूर्ति संकट ने तेल बाजार को बुरी तरह प्रभावित किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाएं हैं और वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत भी दबाव में हैं। भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल खरीदता है, लेकिन रूस और पश्चिम एशिया उसकी ऊर्जा सुरक्षा के मुख्य आधार बने हुए हैं। ऐसे समय में अचानक रूसी तेल बंद करना केवल रूस के खिलाफ फैसला नहीं होगा, बल्कि भारत की अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर डाल सकता है।

यही कारण है कि पिछले साल अमेरिकी दंडात्मक शुल्क भी भारत को रूसी तेल से पूरी तरह दूर नहीं कर सके। भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी तेल की खरीद में बड़ी कटौती तब की जब रूस की प्रमुख तेल कंपनियों पर सीधे प्रतिबंध लगाए गए और व्यापार करना कठिन हो गया। लेकिन जैसे ही पश्चिम एशिया में आपूर्ति संकट गहराया, भारत ने फिर रूसी तेल की खरीद बढ़ा दी। जुलाई में रूसी तेल की खरीद अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे एक बात साफ होती है कि भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा कोई सौदेबाजी का विषय नहीं है।

यहां इस पूरे घटनाक्रम का सामरिक महत्व सामने आता है। अमेरिका रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाना चाहता है। जबकि रूस भारत की ऊर्जा सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है। चीन भी रूसी ऊर्जा का बड़ा खरीदार है। साथ ही भारत एक साथ अमेरिका, रूस, चीन, ईरान तथा पश्चिम एशिया के देशों के साथ अपने हितों का संतुलन साध रहा है। ऐसे में नई दिल्ली के सामने चुनौती किसी एक खेमे में जाने की नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बचाए रखने की है।

इसके अलावा, ब्रिक्स सम्मेलन में मोदी की पुतिन और जिनपिंग के साथ बढ़ती कूटनीतिक निकटता ने जिस बदलती विश्व व्यवस्था की तस्वीर अमेरिका के सामने रखी, उसके कुछ ही दिनों बाद अमेरिकी कांग्रेस का रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने वाला कदम कई सवाल खड़े करता है। सवाल उठता है कि क्या वाशिंगटन को यह स्वीकार करना मुश्किल हो रहा है कि दुनिया अब उसकी शर्तों पर नहीं चलती? देखा जाये तो भारत, रूस और चीन का एक मंच पर आना और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था तथा संप्रभु समानता की वकालत करना उस अमेरिकी वर्चस्ववादी सोच के लिए सीधी चुनौती है, जिसमें लंबे समय से आर्थिक ताकत को कूटनीतिक दबाव के हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन बदलती दुनिया का संदेश साफ है। भारत सहित उभरती शक्तियां अब अपने राष्ट्रीय हितों का फैसला किसी बाहरी राजधानी के इशारे पर नहीं करेंगी।

खैर...अब गेंद ट्रंप के पाले में है। अमेरिकी कांग्रेस ने उन्हें सौ प्रतिशत तक शुल्क लगाने की शक्ति दे दी है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि सौ प्रतिशत शुल्क स्वतः लागू हो गया। अंतिम निर्णय ट्रंप को करना है। शुल्क कितना होगा, किन वस्तुओं पर लागू होगा और कब लागू होगा, इन सबका असर भारत-अमेरिका व्यापार पर पड़ेगा। भारत का रुख स्पष्ट है कि ऊर्जा सुरक्षा से समझौता नहीं होगा, विकल्पों का विस्तार जारी रहेगा, अमेरिका से बातचीत जारी रहेगी और राष्ट्रीय हितों पर कोई एकतरफा समझौता नहीं होगा। अमेरिकी शुल्क चाहे जितना बड़ा हो, भारत के लिए असली सवाल किसी एक देश को खुश करना नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए ऊर्जा, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रखना है। विदेश मंत्रालय पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुका है। भारत अपने व्यापार और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, तमंचा और कुल्हाड़ी बरामद



अमरोहा (सब का सपना):- पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रहरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है।अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी हसनपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष रहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। ज्ञात रहे कि बुधवार रात्रि थाना रहरा पुलिस शांति व्यवस्था व वांछित अभियुक्तों की तलाश में चेकिंग कर रही थी। तभी बरतौरा क्षेत्र में मुखबिर ने सूचना दी कि थाना रहरा पर दर्ज मु0अ0सं0 221/2026 धारा 352/C 109 (1)/ 121 (2)/ 132/ 221/ 3(5)बीएनएस का वांछित अभियुक्त अताउल्ला कुल्हाड़ी लेकर बरतौरा से नवाबपुरा की ओर घूम रहा है।पुलिस ने घेराबंदी की तो अभियुक्त ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त अताउल्ला के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 1 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि 11 सितंबर को उसे वारंट में गिरफ्तार करने आए उपनिरीक्षक पर उसने जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से वार किया था। खबर लिखे जाने तक अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही

अमरोहा पुलिस ने चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, 372 चालान





अमरोहा (सब का सपना):- पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस ने जनपद के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अभियान चलाकर वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और ओवरलोडिंग से बचने के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 372 चालान किए गए। आरोपित जुमार्ने की कुल धनराशि 6,84,500 रुपये है। ऑटो/ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारी, हूटर व मोडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। स्कूल वाहनों का सत्यापन भी किया गया, कमियां मिलने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए गए। पुलिस ने अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करना कानूनी दायित्व के साथ-साथ जीवन की सुरक्षा भी है।

धनौरा क्षेत्र में भाकियू (लोकहित अराजनीतिक) की महापंचायत का आयोजन,सरकार को बड़े आंदोलन की चेतावनी



धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के मंडी धनौरा क्षेत्र में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (लोकहित अराजनीतिक) गुट की महापंचायत का आयोजन कराया गया जिसमें संगठन के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने किसानों से जुड़ी समस्याओं के अहम मुद्दों को उजागर करते हुए गन्ने के बकाया ब्याज और बिजली कटौती पर बेहद नाराजगी जताई। जिसको लेकर संगठन ने सरकार को चेतावनी दे डाली की यदि समय रहते उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह एक बड़ा आंदोलन करेंगे। बता दें कि भारतीय किसान यूनियन (लोकहित अराजनीतिक) की एक बड़ी किसान महापंचायत गुरुवार को हुई। यह महापंचायत धनौरा के पेली तगा गांव स्थित कृष्णा पैलेस में आयोजित की गई। इसमें सैकड़ों किसानों ने अपनी समस्याओं पर बात की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूबेदार विजेंद्र सिंह ने की। मंच संचालन तहसील अध्यक्ष कलुआ खान, देवराज सिंह और पिंटू ने मिलकर किया।महापंचायत में बिजली कटौती पर किसानों ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्मार्ट मीटरों का विरोध करते हुए पुराने मीटरों को वापस लगाने की मांग की। किसानों ने गन्ने का समर्थन मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल तय करने की भी मांग की। इसके अलावा, बकाया गन्ना भुगतान पर हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार ब्याज सहित भुगतान करने की बात कही गई। अमरोहा जिले से गुजरने वाले हाईवे के लिए ली जाने वाली जमीन का मुआवजा मौजूदा सर्किल रेट से चार गुना देने का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संरक्षक सुशील शर्मा ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने किसानों की खराब हालत के लिए सरकारी नीतियों को जिम्मेदार बताया। शर्मा ने साफ कहा कि किसानों की जमीनें जबरन नहीं ली जाएंगी।राष्ट्रीय अध्यक्ष पुनिया ने बताया कि इन मांगों पर 3 सितंबर को कैबिनेट बैठक और मनोहर लाल खट्टर के साथ हुई बातचीत में चर्चा हो चुकी है। तब केंद्र के प्रतिनिधिमंडल ने जल्द समाधान का भरोसा दिया था।महापंचायत में चेतावनी दी गई कि अगर सरकार ने किसानों की मांगें नहीं मानीं, तो जल्द ही अगली बैठक में एक बड़े आंदोलन की योजना बनेगी। इस मौके पर कैलाश त्यागी, चौधरी शब्बन, कपिल सिरोही, सुशील कुमार उर्फ दादा, कलवा खान, संजय कुमार, चंद्रपाल सिंह, लोकेश कुमार, आशिक, डॉक्टर मेंहदी हसन, शाहबुद्दीन, शूरवीर सिंह, सुखवीर सिंह, दीपक कुमार और आसिफ रायनी सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

जुबिलेंट फैक्ट्री में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

हवन-पूजन कर किया गया भगवान विश्वकर्मा का आह्वान



गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के गजरौला औद्योगिक नगरी स्थित जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड में भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इकाइयों में मशीनों एवं उपकरणों की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा काआह्वान किया गया जिसके बाद परिसर में हवन-यज्ञ के उपरांत विशाल भोज का आयोजन किया गया। बता दें कि बृहस्पतिवार को गजरौला की सभी छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। सवेरे से ही इकाइयों को सजाकर मशीनों एवं अन्य उपकरणों की पूजा की गई। जुबिलेंट में हवन-यज्ञ भी हुआ। यहां जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के यूनिट हेड विनोद झा ने कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संग यज्ञ में आहुतियां डालीं। इसके उपरांत फुटबाल ग्राउंड परिसर में विशाल सहभोज का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए मेला भी लगा। इसमें जंपिंग और मिसी माउस के झूले आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर जेएसीपीएल के यूनिट हेड देवेंद्र बंसल, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, विशाल गौरव, सुनील तिवारी, पुनीत तिवारी, आर ए शुक्ला, सुनील सिंह, ऋषिपाल सिंह परमार, एनके तोमर, दिलीप पांडेय, वीरेंद्र सिंह नेगी, प्रदीप शर्मा, डा. सैय्यद बिलाल,बूंदी सिंह, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

बछरायूं क्षेत्र में गन्ना सेंटर की मांग को लेकर अढ़े किसान, मांग पूरी न होने पर गन्ना न देने की दी चेतावनी



बछरायूं/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के थाना बछरायूं क्षेत्र निवासी किसानों ने गन्ना सेंटर की मांग को लेकर हल्ला बोल दिया है इसके लिए उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि क्षेत्र में गन्ना सेंटर नहीं खुला तो हम कहीं भी गाना देने नहीं जाएंगे। बता दें कि पूरा मामला थाना बछरायूं क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव गढ़ी फरीदपुर का है जहां बृहस्पतिवार को गांव के दर्जनों से अधिक किसानों ने एक साथ इकट्ठा होकर क्षेत्र में गन्ना सेंटर लगवाने की मांग की है उनका कहना है कि वह कई वर्षों से गांव में गाना सेंटर लगवाने की मांग कर रहे हैं इसके लिए उनकी तरफ से कई बार प्रस्ताव भी बन चुका है लेकिन हर बार प्रस्ताव को निरस्त कर दिया जाता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनकी गन्ना सचिव से बात भी हुई है जिन्होंने क्षेत्र में जल्द गन्ना सेंटर लगवाने का आश्वासन दिया है लेकिन किसान अब आश्वासन से नहीं मानने वाले किसानों ने साफ कहा है
कि अबकी बार यदि गन्ना सेंटर नहीं लगता है तो पूरा गांव एवं क्षेत्र के किसान एकजुट होकर गन्ना देने से मना कर देंगे।इस दौरान मौके पर दर्जनों से अधिक किसान मौजूद रहे।

चीनी मिल चन्दनपुर में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर पूजा पाठ एवं भण्डारा का आयोजन





रहरा/अमरोहा (सब का सपना):- बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चीनी मिल चन्दनपुर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ की गई। इसी क्रम में मिल के वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा प्रातः 9.30 बजे प्रारम्भ हुई और दोपहर 1.00 बजे समाप्त हुई। मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा मुख्य यजमान के रूप में मुख्य पंडित कृष्णा शास्त्री एवं पंडित गोविन्द शर्मा के साथ पूजा-हवन कर सम्मानित हुए।कारखाने में स्थित मुख्य मशीनों एवं औजारों की भी पूजा की गई। पूजा के बाद हवन, आरती और फल-प्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। पूजा-हवन के बाद उपाध्यक्ष द्वारा चीनी मिल को माह अक्टूबर में ही चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए और कृषक भाइयों से अपील की कि सभी किसान भाई अपना समस्त गन्ना चीनी मिल में ही आपूर्ति करें। अधिक से अधिक गन्ना मिल में डालें और अधिक से अधिक बेसिक कोटा बनाएं। कोल्हू/क्रेशर पर गन्ना डालकर बेसिक कोटा खराब न करें। इस अवसर पर मिल के समस्त अधिकारी टी.सी. रजोरिया महाप्रबन्धक (उत्पादन), इन्द्रकुमार शर्मा महाप्रबन्धक (गन्ना), रवि गुप्ता महाप्रबन्धक (तकनीकी), संजय कुमार जायसवाल अपर महाप्रबन्धक (वित्त), अमेज कुमार सिंह अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन एवं प्रशासन), उदयवीर सिंह, बाबूराम सैनी एवं समस्त अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहे। अंत में विश्वकर्मा जी की मूर्ति को बैंड-बाजे के साथ पूरी मिल में घुमाया गया और विसर्जन किया गया।

सड़क हादसे में छिना बूढ़ी मां और बहन का सहारा, दिन में खेती और रात में नौकरी कर चलाता था घर

धनौरा सड़क हादसे में घायल सुनील की इलाज के दौरान मौत, परिवार में मचा कोहराम



धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के धनौरा क्षेत्र में एक सड़क हादसे ने एक बूढी मां और एक बहन का इकलौता सहारा छीन लिया जो दिन में 20 बीघा जमीन में खेती करके एवं रात में फैक्ट्री में नौकरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बता दें कि चांदपुर-धनौरा मार्ग पर रसूलपुर पुलिस चौकी के पास एक तेज रफ्तार बस की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए मोटरसाइकिल सवार युवक सुनील (पुत्र स्वर्गीय हरि सिंह) की इलाज के दौरान मेरठ के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शी जगराम (पुत्र लल्लू सिंह, निवासी बुंदरा खुर्द, थाना चांदपुर) ने बताया कि यह घटना 12 सितंबर 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे हुई थी। सुनील अपने साथी राजेंद्र (पुत्र शीशराम, निवासी पहाड़पुर, चांदपुर) के साथ अपनी मोटरसाइकिल (UP 27 N 6100) से धनौरा जा रहे थे।रसूलपुर चौकी से करीब 100 मीटर पहले सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बस (वढ 23 ळ 4818) के अज्ञात चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और सुनील को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया और बस वहीं छोड़ दी।स्थानीय लोगों की मदद से घायल सुनील को तुरंत सरकारी अस्पताल धनौरा पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बड़े अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन सुनील को मेरठ के राजीव अस्पताल ले गए, जहां चार दिनों तक चले इलाज के बाद 16 सितंबर को उनकी मौत हो गई।मृतक सुनील अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उनके पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। घर में उनकी वृद्ध मां और एक छोटी बहन की पूरी जिम्मेदारी सुनील पर ही थी। वह दिन में 20 बीघा जमीन बटाई पर लेकर खेती करता था और रात को फैक्ट्री में नौकरी करके परिवार का गुजारा करता था।
हाल ही में सुनील ने अपनी मेहनत से गांव सहवाजपुर गुर्जर में एक नया मकान भी बनाया था।मंडी धनौरा थाना प्रभारी सतेंद्र सरोहा ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश कर रही है।

ईवीएम वेयरहाउस को एफएलसी कार्य के लिए खोला एवं बंद किया गया



अमरोहा (सब का सपना):- ईवीएम वेयरहाउस, कलेक्ट्रेट परिसर अमरोहा को ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कार्य के प्रयोजन हेतु दिनांक 17 सितम्बर 2026 को वीडियोग्राफी के तहत खोला एवं बंद किया गया। ईवीएम वेयरहाउस को खोलने एवं बंद करने के समय राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें मौहम्मद हारिस, प्रतिनिधि, आम आदमी पार्टी, चन्द्रमान सिंह भाटी, प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी, डॉ. जफर महमूद अब्बासी, प्रतिनिधि, बहुजन समाज पार्टी, फैज आलम राईनी, प्रतिनिधि, इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा मस्तराम सिंह यादव, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी शामिल रहे।जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने बताया कि ईवीएम के भंडारण एवं सुरक्षा से संबंधित विस्तृत प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मैनुअल में उल्लिखित है।

स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा भव्य जागरूकता रैली का आयोजन



गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के गजरौला में गुरुवार को नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा अवंतिका पार्क, गजरौला से एक भव्य स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ नगर पालिका परिषद गजरौला की पालिका अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली के माध्यम से नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने घर, मोहल्ले एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता करने का संदेश दिया गया। बता दें कि इस अवसर पर पालिका अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ एवं सुंदर गजरौला के निर्माण में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। सभी नगरवासी स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें।अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा स्वच्छता एवं जनजागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देना है। नगर पालिका की टीमें नियमित रूप से सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखेंगी तथा नागरिकों से भी अपील है कि वे नगर को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले अभियान में जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं नगरवासियों की सहभागिता से स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।खाद्य एवं सफाई निरीक्षक नेपाल सिहं ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका की सफाई टीम द्वारा नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान विशेष सफाई एवं जागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी। नगरवासियों से अपील है कि वे सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालें तथा गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करके निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही दें। नागरिकों के सहयोग से ही स्वच्छ गजरौला का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। रैली में स्वच्छता से संबंधित जागरूकता संदेशों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर पालिका अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी, अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, भाजपा नेता विपिन सागर, लेखाकार आदेश कुमार, लिपिक ललित कुमार, सभासद पति लोकेश चौधरी, देवेंद्र सिंह, अक्षय शुक्ला, रविंद्र सिंह, दीपू कुमार, विभोर जिंदल, गौरव सिंह, सुमित चौधरी, रितिक सिंघल, वीरेंद्र सिंह, दिनेश, यशवीर, शुभम, नरेंद्र, अमित गौतम, योगेश कुमार सहित जमादार जयचंद, महेश, मनीष तथा नगर पालिका के कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है विकास खण्ड जोया के अन्तर्गत न्याय पंचायत सिवौरा में मत्स्य पालन एवं बहुउद्देश्यीय समिति के गठन हेतु बैठक आयोजित की जायेगी। उक्त बैठक दिनांक 18.09.2026 को प्रातः 11:00 बजे स्थान - ग्राम पूरनपुर, न्याय पंचायत सिवौरा, पंचायत घर पर होगी। समस्त इच्छुक मत्स्य पालक एवं ग्रामीणों से अनुरोध है कि निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर समिति गठन में अपना सहयोग प्रदान करें।

जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की शिकायत





बहजोई/संभल (सब का सपना):- जनपद की चंदौसी तहसील अंतर्गत विकास खंड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मझावली में विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गांव की सैनी बस्ती के निवासियों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर विकास कार्यों में लापरवाही बरतने और बजट का सही उपयोग न करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार सैनी बस्ती का रास्ता पिछले पांच वर्षों से बदहाली का शिकार है। थोड़े से भी जलभराव और गंदगी के कारण यह रास्ता पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाता है। रास्ते पर नाली निर्माण और खड़ंजा न बिछने की वजह से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर ही इकट्ठा हो रहा है जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। इस मार्ग से जाने वाले बच्चों बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोग कीचड़ में फिसलकर चोटिल होने का भी खतरा रहता हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय ग्राम प्रधान पंचायत सचिव और संबंधित प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर काटे। हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला लेकिन धरातल पर कोई सुधार नहीं हुआ। प्रधान और सचिव द्वारा मामले की अनदेखी किए जाने से आहत होकर ग्रामवासियों को खुद जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचना पड़ा।
कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस मामले का तत्काल संज्ञान लिया जाए और गांव में अवरुद्ध पड़े रास्ते का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए। साथ ही उन्होंने ग्राम प्रधान और सचिव के कार्यकाल के दौरान कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच कराकर उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने की अपील की है।
ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से रिंकू सैनी सतेन्द्र सिंह मुकेश सैनी घनश्याम चंदरपाल सैनी होराम सैनी और प्रेमपाल सैनी समेत भारी संख्या में बस्ती के निवासी मौजूद रहे।

भाकियू अराजनैतिक संभल की जिला पंचायत में किसानों ने रखी कई मांगें अपर पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



बहजोई/संभल (सब का सपना):- भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जिला इकाई संभल की जिला स्तरीय मासिक पंचायत सम्पन्न हुई। पंचायत में जिले भर से आए किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों ने अपनी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा के बाद सभी मांगों को एक ज्ञापन में दर्ज किया गया। ज्ञापन पुलिस अधीक्षक संभल को संबोधित किया गया। ज्ञापन अपर पुलिस अधीक्षक मनोज रावत को सौंपा गया। किसानों ने कहा कि विद्युत निगम द्वारा कृषि फीडरों को विद्युत सप्लाई में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कृषि फीडरों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। सिंचाई के समय किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे फसलों पर बुरा असर पड़ रहा है। किसानों ने विद्युत निगम पर भेदभाव का आरोप लगाया। किसानों ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में पुलिस की संलिप्तता से अनधिकृत शराब बिक्री हो रही है। अनधिकृत शराब बिक्री से ग्रामीण समाज पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। परिवारों में कलह और अपराध बढ़ रहे हैं। प्रशासन इस पर प्रभावी रोक नहीं लगा पा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि पुलिस की मिलीभगत से व्यवसायिक अवैध खनन हो रहा है। अवैध खनन से सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें और खेत क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। पर्यावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है। किसानों ने अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई की मांग की। किसानों ने कहा कि पुलिस छोटे मोटे विवादों में पंचायत का फैसला स्वीकार नहीं कर रही है। गांवों में पंचायत के फैसले को मान्यता नहीं दी जा रही है। इससे ग्रामीणों में रोष है। किसानों ने कहा कि पंचायत का फैसला सर्वमान्य होना चाहिए। पुलिस को गांव की परंपरा का सम्मान करना चाहिए। किसानों ने यातायात पुलिस पर आरोप लगाया कि छोटे वाहनों एवं किसानों का आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है। ट्रैक्टर ट्रॉली और छोटे वाहनों को बार बार रोका जाता है। मनमाने चालान किए जाते हैं। किसानों से अवैध वसूली की शिकायत है।
इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और कमजोर हो रही है। किसानों ने अपर पुलिस अधीक्षक से मांग की कि कृषि फीडरों को पर्याप्त बिजली दी जाए। अनधिकृत शराब बिक्री पर रोक लगाई जाए। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। पंचायत के फैसलों को मान्यता दी जाए। यातायात पुलिस की मनमानी बंद की जाए। किसानों का आर्थिक उत्पीड़न रोका जाए।

बहजोई में रास्ते की चौड़ाई और अवैध कब्जे की जांच के लिए संयुक्त समिति ने किया निरीक्षण

बहजोई/संभल (सब का सपना):- रास्ते की चौड़ाई और कथित अवैध कब्जे को लेकर की गई शिकायत के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित संयुक्त समिति ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। टीम ने मौके की स्थिति के साथ राजस्व अभिलेखों की भी जांच की। संयुक्त समिति में उपजिलाधिकारी चंदौसी तथा अधिशासी अधिकारी बहजोई शामिल रहीं। शिकायतकर्ता की ओर से मार्ग की चौड़ाई करीब 8 मीटर



होने तथा उस पर अवैध कब्जा किए जाने का दावा किया गया था। इसी के सत्यापन के लिए अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर संबंधित अभिलेखों को देखा। जांच के दौरान अधिकारियों के अनुसार पूर्व के राजस्व अभिलेखों में मार्ग की चौड़ाई 8 मीटर दर्ज मिली। वर्ष 2013 में हुए नक्शा दुरुस्ती आदेश के बाद संशोधित नक्शे में मार्ग की चौड़ाई 4 मीटर दर्शाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2013 में जारी नक्शा दुरुस्ती आदेश की वास्तविकता और प्रक्रिया का सत्यापन रिकॉर्ड रूम से संबंधित मूल फाइल निकलवाकर किया जाएगा।

विश्वकर्मा पूजा पर मशीनों और उपकरणों का पूजन, खिलाड़ियों ने लिया आशीर्वाद



बहजोई/संभल(सब का सपना):- विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर गुरुवार को जिला राइफल क्लब, संभल की इंडोर शूटिंग रेंज बहजोई में विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। इस अवसर पर शूटिंग रेंज में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक टारगेट, मशीनों एवं अन्य शूटिंग उपकरणों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान शूटिंग रेंज की निरंतर प्रगति और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में उपक्रीड़ाधिकारी प्रमिला भारती, शूटिंग कोच मयंक कुमार, खो-खो कोच विक्की गुप्ता सहित नीरज कुमार, सुनील कुमार, गौरव, मृत्युञ्जय, सुरेंद्र कुमार, अविराज, अजय एवं नैतिक तिवारी आदि मौजूद रहे। सभी ने भगवान विश्वकर्मा के समक्ष पूजा-अर्चना कर खेल प्रतिभाओं की सफलता तथा शूटिंग के क्षेत्र में खिलाड़ियों द्वारा नई उपलब्धियां हासिल करने की कामना की। इस दौरान खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने कार्यस्थल पर उपयोग होने वाले उपकरणों एवं मशीनरी के महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शूटिंग जैसे खेल में आधुनिक उपकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इलेक्ट्रॉनिक टारगेट और अन्य तकनीकी संसाधनों के माध्यम से खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास करने तथा अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।शूटिंग कोच मयंक कुमार ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा कार्यस्थल पर उपयोग होने वाले उपकरणों और मशीनरी के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित रूप से अभ्यास करने, अनुशासन बनाए रखने और पूरी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया।
उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और लगन से खिलाड़ी जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। पूजन कार्यक्रम के दौरान मौजूद सभी लोगों ने शूटिंग रेंज की व्यवस्थाओं, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेल गतिविधियों की निरंतर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

उत्तम मार्दव धर्म की आराधना में उमड़ा श्रद्धालुओं का उत्साह

दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन विनम्रता और अहंकार त्याग का दिया संदेश

बहजोई/संभल(सब का सपना):- जनपद के श्री दिगंबर जैन मंदिर, बहजोई में गुरुवार को पर्वराज दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की आराधना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। सुबह श्रीजी के अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के बाद दशलक्षण महामंडल विधान विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया गया। श्रीजी के अभिषेक एवं शांतिधारा के पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य मितेश जैन एवं आदि जैन को प्राप्त हुआ। दशलक्षण महामंडल विधान के दूसरे दिवस सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य संजय कुमार जैन एवं सरिता जैन को प्राप्त हुआ। विधान का आयोजन विद्वान चंद्रकुमार जैन शास्त्री, मंडावरा (मध्य प्रदेश) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में



श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान की आराधना कर सुख-शांति एवं आत्मकल्याण की कामना की। इस अवसर पर शास्त्री जी ने उत्तम मार्दव धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मार्दव का अर्थ विनम्रता और अहंकार का त्याग है। मनुष्य को पद, प्रतिष्ठा, धन अथवा ज्ञान का अहंकार नहीं करना चाहिए। सभी जीवों के प्रति सरलता, नम्रता और समानता का भाव रखना ही मार्दव धर्म का मूल संदेश है। उन्होंने कहा कि अहंकार आत्मा को बंधन में डालता है, जबकि मार्दव धर्म आत्मशुद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। सायंकाल मंदिर में सामूहिक आरती, णमोकार पाठ एवं शास्त्र प्रवचन का आयोजन हुआ। इसके बाद दो मटके-एक चुनौती प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल के साथ श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।
कार्यक्रम में जैन सभा के संरक्षक राजेंद्र जैन, अध्यक्ष सुनील कुमार जैन, उपाध्यक्ष संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष मितेश जैन एवं महामंत्री संभव जैन सहित मनोज कुमार जैन, प्रेरक जैन, विभोर जैन, चंद्रप्रकाश जैन, राहुल जैन, अतिशय जैन, शुभम जैन, अरिहंत जैन, अग्रिम जैन, संतोष देवी जैन, आशा जैन, बीना जैन, अंशुल जैन एवं सुनीता जैन सहित जैन समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संभव जैन ने किया।

मिट्टी निकालते समय महिला को सांप ने डसा, अस्पताल में उपचार के बाद बची जान



बहजोई/संभल(सब का सपना):- थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर शरीफनगर में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब घर में मिट्टी का चूल्हा बनाने के लिए मिट्टी निकाल रही एक महिला को अचानक सांप ने डस लिया। सांप के काटने के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन घबराकर उसे आनन-फानन में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल बहजोई लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने तत्काल महिला का उपचार शुरू किया। जानकारी के अनुसार ग्राम फतेहपुर शरीफनगर निवासी शाहिस्ता पत्नी दानिश, उम्र करीब 30 वर्ष, अपने घर में मिट्टी का चूल्हा बनाने के लिए मिट्टी निकाल रही थी। इसी दौरान मिट्टी के अंदर छिपे सांप ने अचानक उसके हाथ में डस लिया। सांप के काटते ही महिला ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन बिना देर किए उसे सरकारी अस्पताल बहजोई लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला की जांच करने के बाद तत्काल उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार महिला को जिस सांप ने डसा था, वह जहरीला नहीं था। समय पर अस्पताल पहुंचने और उपचार मिलने के कारण महिला की हालत में सुधार हुआ और उसकी जान बच गई। उपचार के बाद महिला की स्थिति सामान्य होने पर चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया, जिसके बाद परिजन उसे लेकर वापस चले गए।
घटना के बाद ग्रामीणों में कुछ देर तक सांप को लेकर दहशत का माहौल बना रहा। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की कि सांप के काटने की स्थिति में घबराने के बजाय पीड़ित को जल्द से जल्द नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं और झाड़-फूंक या अन्य घरेलू उपचार में समय न गंवाएं।

सपा कार्यालय पर मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

पदाधिकारियों ने चित्र पर माल्यार्पण कर किया पूजन, श्रम और कौशल के महत्व पर हुई चर्चा





बहजोई/संभल(सब का सपना):- समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गुरुवार को जिला समाजवादी पार्टी संभल की ओर से भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर जिला कार्यालय पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी समेत पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।
इस अवसर पर जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पकार, वास्तुकार और इंजीनियर माना जाता है। उनका जीवन परिश्रम, कौशल और सृजन की प्रेरणा देता है। समाज के निर्माण में शिल्पकारों, कारीगरों और श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी श्रमिकों, कारीगरों और विश्वकर्मा समाज के सम्मान की बात करती है। हर हाथ को हुनर और हर हुनर को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी विश्वकर्मा समाज सहित सभी वर्गों के सम्मान और अधिकारों के लिए अपनी आवाज उठाती रही है। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने भी भगवान विश्वकर्मा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सिद्धांत आज के तकनीकी युग में भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा, समानता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। सुहैल इकबाल ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फकरे आलम, कामरेड रेवाराम, पूरनलाल मौर्य, चौधरी सोमपाल सिंह, बलवत सिंह, शोभित कुमार काका, सुनीता यादव, ममता मधुकर, फारूक प्रधान, गजराज सिंह, नवकेश प्रधान, शाहिद अख्तर, कृपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह, मोहित यादव, पूरन सिंह मौर्य, मनीष यादव, आसिफ अली खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकताओं ने भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया गया।

विश्वकर्मा जयंती पर संभल के पारंपरिक कारीगरों को मिलीं उन्नत टूलकिट





संभल (सब का सपना):- विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर विकासखंड परिसर बनियाखेड़ा में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत टूलकिट वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जनपद संभल के चयनित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उन्नत टूलकिट वितरित की गईं। इसका उद्देश्य कारीगरों के हुनर को निखारना उत्पाद की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाना तथा स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके ट्रेड के अनुसार कौशल प्रशिक्षण उन्नत टूलकिट और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मार्गदर्शन तथा सहयोग दिया जाता है। इससे कारीगरों के पारंपरिक हुनर को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जा रहा है। उनकी कार्यक्षमता और उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। आय के अवसर बढ़ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी रहीं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट और रामपाल सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू और नगर अध्यक्ष भाजपा अंकुर अग्रवाल और उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथि और लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर और भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद जनपद के चयनित कारीगरों और शिल्पकारों को टूलकिट वितरित की गईं। वक्ताओं ने कहा कि उन्नत उपकरणों से कारीगरों के कार्य की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ेगी। उन्हें अपने हुनर को व्यवसाय के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। इससे आय में वृद्धि स्वरोजगार को बढ़ावा और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त होगा।योजना से बढ़ई लोहार सुनार कुम्हार राजमिस्त्री नाई दर्जी मोची टोकरी चटाई झाड़ू निमार्ता हलवाई और अन्य पारंपरिक कारीगरों को लाभ मिल रहा है। इस पहल से प्रदेश के पारंपरिक हुनर को संरक्षित करने और आधुनिक बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने में मदद मिल रही है। कार्यक्रम के समापन पर उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने मुख्य अतिथि गुलाब देवी और रामपाल सिंह और अन्य अतिथियों और उपस्थित लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विभाग शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल तकनीक और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य करेगा।

भाकियू शंकर की मासिक पंचायत में उठी किसानों की समस्याएं, 27 तक समाधान न होने पर धरने की चेतावनी



हसनपुर/आदमपुर (सब का सपना) - गुरुवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत शिव मंदिर आदमपुर के प्रांगण में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता भोजराज ने की तथा संचालन शीशपाल ने किया। पंचायत में वक्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और प्रशासन से समाधान की मांग की। पंचायत में गंगेश्वरी क्षेत्र में सिरसा एतमाली से सिलारा स्थित हरि बाबा धाम तक कच्चा रास्ता है। सावन माह में लाखों कांवड़ यात्री हरि बाबा धाम पर जल चढ़ाने जाते हैं, कच्चा रास्ता होने से भारी दिक्कत होती है। बांध का सर्वे कराकर रास्ता पक्का कराया जाए। मां अवंतिका देवी मंदिर के सामने पैटर्न पुल है, जिससे हादसे का अंदेशा रहता है। वहां पक्के पुल का निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह तथा हरिद्वार की तर्ज पर सौंदर्यीकरण कराया जाए। क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। करोड़ों की लागत से बनी गौशालाएं शोपीस बनी हैं। आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जाए। डॉ. स्वामीनाथन की रिपोर्ट के अनुसार किसान आयोग का गठन किया जाए। अमरोहा को विकास प्राधिकरण का दर्जा देते हुए गजरौला में ट्रॉमा सेंटर की व्यवस्था की जाए। 33 केवीए बिजली घर चचौरा से जुड़े रहरा एवं आदमपुर बिजली घरों से रात्रि में घंटों बिजली फेल रहने से अंधेरा छाया रहता है, जिससे चोरी-लूट की घटनाएं बढ़ रही हैं। अघोषित कटौती बंद कर रोस्टर के अनुसार नियमित आपूर्ति की जाए। किसानों के गन्ने का उचित मूल्य 600 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया जाए। जब चीनी 65 रुपये किलो बिक रही है तो गन्ने का मूल्य भी 600 रुपये होना चाहिए, प्रमुख मांगे रखी। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 27 सितंबर तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन शंकर 28 सितंबर को ब्लॉक गंगेश्वरी (रहरा) प्रांगण में धरना-प्रदर्शन को मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष शीशपाल सिंह, कोषाध्यक्ष कमल ठाकुर, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार दौरारा, भागमल सिंह, राधे कृष्ण, डोरी, मुंशीलाल, धनपत, मामराज सहित कई किसान मौजूद रहे।

जन सहभागिता से सफल बनाएं संकल्प सेवा अभियान:- कपिल देव अग्रवाल

प्रभारी मंत्री ने महात्मा विदुर सभागार में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य पर दिया जोर



बिजनौर (सब का सपना):- उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल गुरुवार को बिजनौर पहुंचे। उन्होंने महात्मा विदुर सभागार कक्ष में आयोजित बैठक में संकल्प सेवा अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अभियान को जनसहभागिता के माध्यम से प्रभावी ढंग से संचालित करने की अपील की।प्रभारी मंत्री ने कहा कि संकल्प सेवा अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसमें अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को केंद्र में रखकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना चाहिए।बताया गया कि संकल्प सेवा अभियान आज से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के दौरान विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित कर जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा।इस अवसर पर नहटौर विधायक ओम कुमार ने कहा कि अभियान के तहत विधानसभा स्तर पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे,
ताकि अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जा सके।बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित वन विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

साप्ताहिक बाजार बंदी का पालन कराने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- पिछड़ा समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने नगर में निर्धारित साप्ताहिक बाजार बंदी के आदेश का कड़ाई से पालन कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र एसडीएम प्रिंस कुमार को सौंपा। बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृपाल सिंह सैनी के नेतृत्व में सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार नगीना में सोमवार का दिन साप्ताहिक बाजार बंदी के लिए निर्धारित है। इसके बावजूद सोमवार को रेलवे स्टेशन से पहाड़ी दरवाजा तक अधिकांश बाजारों में दुकानें खुली रहती हैं। इससे साप्ताहिक बाजार बंदी के आदेश का पालन नहीं हो पा रहा है।पार्टी पदाधिकारियों ने मांग की कि सोमवार को निर्धारित साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन नगर के सभी बाजारों को पूर्ण रूप से बंद कराया जाए और आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि प्रशासन के आदेश का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित हो सके।ज्ञापन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कृपाल सिंह सैनी के अलावा लोकेश कुमार, चंद्रप्रकाश, कुशाल आदि के हस्ताक्षर थे।

विश्वकर्मा मंदिर में विधि-विधान से हुआ हवन-पूजन



नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- लाइनपार आजाद कॉलोनी स्थित विश्वकर्मा मंदिर में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र प्रसाद धीमान ने मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया। मुख्य यजमान धीमान ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार एडवोकेट रहे।इस अवसर पर रामोतार ने अपने संबोधन में भगवान विश्वकर्मा को आदि वैज्ञानिक एवं महान शिल्पकार बताया। वहीं अशोक कुमार ने भगवान विश्वकर्मा के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मान्यता के अनुसार उन्होंने सतयुग में सतलोक, त्रेतायुग में रावण की लंका तथा द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका का निर्माण किया था। हवन-पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में हरदेव, सोनू, प्रमोद शर्मा, दिनेश कुमार, अरुण कुमार, क्षेत्रदेव शर्मा, कृष्ण दयाल धीमान, सतीश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद फतेहपुर के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा 2026 रैली को DM-SP ने दिखाई हरी झंडी





फतेहपुर (सब का सपना):- कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली का शुभारंभ किया। इस दौरान डीएम और एसपी ने उपस्थित लोगों और पुलिस बल को संबोधित किया और सभी से स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। रैली में नगर पालिका के सफाई मित्र, समाजसेवी, पुलिस कर्मी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। हाथों में स्वच्छता के बैनर और तख्तियां लेकर प्रतिभागियों ने "हमने यह ठाना है, फतेहपुर को स्वच्छ बनाना है" जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया। रैली में स्वच्छता वाहन भी शामिल रहे।

दुर्गा पूजा महोत्सव में होगा समरसता, आध्यात्मिकता एवं सेवा का संगम

21वीं दुर्गा पूजा की तैयारियां तेज, बंगाल के कारीगर बनाएंगे भव्य मंदिर



अमौली/फतेहपुर (सब का सपना):- जनपद के कस्बा अमौली में शारदीय नवरात्रि पर होने वाले ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मां दुर्गा पूजा कमेटी अमौली के तत्वावधान में इस वर्ष 21वां भव्य आयोजन होने जा रहा है। कमेटी के मंत्री उमेश त्रिवेदी ने बताया कि इस बार के महोत्सव को पिछले सभी वर्षों से अधिक भव्य रूप दिया गया है। मुख्य आकर्षण बंगाल के प्रसिद्ध कारीगरों द्वारा बनाया जाने वाला भव्य मंदिर होगा, जिसका निर्माण विनोद वर्मा और शुभम वर्मा के नेतृत्व में कराया जाएगा। प्रांगण की सजावट चेतन शर्मा, अनूप और राहुल की टीम संभालेगी। बैठक में संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्यों अवधेश कुमार तिवारी, बी.डी. सिंह, सुरेश उमराव, दयाशंकर त्रिवेदी, सुरेंद्र तिवारी, बृजेंद्र तिवारी, अरुण कुमार मिश्रा और दिनेश चंद्र ओमर ने कार्य विभाजन कर पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया। मंत्री ने बताया कि यह आयोजन 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'सेवा संकल्प अभियान' को समर्पित रहेगा। 11 अक्टूबर को भव्य रथ यात्रा के साथ मूर्ति स्थापना, कानपुर के अमित बृजवासी आर्ट ग्रुप की प्रस्तुति, 12 को मातृ महिमा अखंड पाठ, 13 को शंभू हलचल कानपुर व ज्योति कमल पार्टी बाराबंकी के बीच जवाबी कीर्तन, 14 को वृंदावन के पं. अविनाश मिश्र का व्याख्यान, 15-16 को दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 17 को कानपुर के सवारियां म्यूजिकल ग्रुप द्वारा देवी जागरण, 18 को स्वच्छता व जल संचयन अभियान, 19 को पंचकुंडीय महायज्ञ, भंडारा व समाजसेवी सम्मान और 20 अक्टूबर को विशाल शोभायात्रा व मूर्ति विसर्जन के साथ समापन होगा।

किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष से मिले भाजपा नेता अवधेश चौधरी, पटका पहनाकर दी बधाई



नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):- भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अवधेश चौधरी ने राजधानी लखनऊ में किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नए प्रदेश अध्यक्ष का पटका पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए अवधेश चौधरी ने कहा कि नए नेतृत्व में किसान मोर्चा और अधिक मजबूती के साथ धरातल पर काम करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन किसानों के बीच पहुंचकर उनके अधिकारों और हितों की आवाज को पुरजोर तरीके से उठाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अवधेश चौधरी ने दावा किया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की किसान-हितैषी नीतियों के बल पर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर पूरे प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि बिजनौर जिले की भी सभी विधानसभा सीटों पर कमल खिलेगा और पार्टी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। चौधरी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे अभी से तैयारियों में जुट जाएं और सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें।

बीमा जागरूकता को लेकर एलआईसी की यूनिट मीटिंग आयोजित

अभिकताओं से घर-घर बीमा पहुंचाने और ग्राहकों को योजनाओं का लाभ दिलाने का आह्वान



धामपुर/बिजनौर (सब का सपना):- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शाखा धामपुर ओर से ग्राष्ट तुलाराम टेस्टोस्टे में यूनिट मीटिंग एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शाखा के विकास अधिकारियों एवं अभिकताओं ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने अभिकताओं से बीमा योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा घर-घर तक बीमा सुरक्षा पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बीमाधारक को पूरी निष्ठा के साथ उसकी पॉलिसी एवं योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग बीमा सुरक्षा से जुड़ सकें। शाखा के एबीएम मनमोहन गोस्वामी ने अभिकताओं एवं संबंधित लोगों को बीमा के महत्व तथा ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी दी। वहीं एबीएम नवाब सिंह ने अभिकताओं के समक्ष आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर चर्चा की। गोष्ठी का संचालन गुलशन कुमार प्रजापति ने किया। इस दौरान विकास अधिकारियों एवं अभिकताओं ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार, राजवीर सिंह, गीता देवी, राजेश, धूरपाल, इयाराम, रूपेश शर्मा, अंजलि, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

वाल्मीकि समाज की समस्याओं को लेकर मेरठ महा सम्मेलन में जुटने का आह्वान

20 सितंबर को चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय में होगा स्वाभिमान महासम्मेलन



नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंहा एवं गोविंद वाल्मीकि ने वाल्मीकि समाज तथा नगर पालिकाओं में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर 20 सितंबर को मेरठ में होने वाले स्वाभिमान महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। जारी संयुक्त बयान में मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि मेरठ के चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय में आयोजित होने वाले महासम्मेलन में सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर शहरों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसके बावजूद अस्थायी, संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि वाल्मीकि समाज एकजुट होकर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाए। उन्होंने सरकार से सभी सफाई कर्मचारियों के लिए एक समान आयोग गठित करने, नगर पालिकाओं में वर्षों से कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा देने तथा रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्तियां करने की मांग उठाई। मोर्चा पदाधिकारियों ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए आयोग के गठन और 20 हजार रुपये वेतन की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्मचारियों की अन्य समस्याओं का भी स्थायी समाधान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सफाई कर्मचारी पदों पर लागू आरक्षण को समाप्त करने की मांग भी महासम्मेलन में उठाए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन के मुख्य अतिथि नवनियुक्त राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी सम्मेलन में शामिल होने की संभावना जताई गई है। मोर्चा पदाधिकारियों ने वाल्मीकि समाज के लोगों, विशेषकर नगर पालिकाओं में कार्यरत सफाई कर्मचारियों से 20 सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में मेरठ पहुंचकर स्वाभिमान महासम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

वीवीआईपी दौरे से पहले प्रशासन अलर्ट

डीएम और एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण





फतेहपुर (सब का सपना):- जनपद में आगामी प्रस्तावित अति विशिष्ट अतिथि के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। आज जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना कल्याणपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ आगमन एवं निर्गमन मार्ग, वीआईपी मूवमेंट रूट, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग व्यवस्था, ड्यूटी प्वाइंट्स और यातायात प्रबंधन का बारीकी से अवलोकन किया। डीएम और एसपी ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अति विशिष्ट अतिथि के भ्रमण कार्यक्रम को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी सुरक्षा प्रबंधों को चाक-चौबंद रखा जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।
उन्होंने यातायात डायवर्जन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन निकास और सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी बिंदकी सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

मीर सराय गणेश पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

तीसरे दिन भी विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना, 25 सितंबर को निकलेगी भव्य गणपति विसर्जन शोभायात्रा

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- नगर के मोहल्ला मीर सराय स्थित श्री गणेश मित्र मंडल के तत्वावधान में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडाल में पहुंचे। प्रतिदिन के साथ पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं को बूंदी, फल एवं मोदक का प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। श्री गणेश मित्र मंडल के अध्यक्ष एवं संस्थापक सुनील मराठा, उनकी पत्नी मेघा मराठा, पुत्र शुभम, आशु मराठा एवं पुत्री नंदिनी



मराठा ने श्रद्धालुओं के साथ विधि-विधान से आरती एवं पूजन संपन्न कराया। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल रहे। सुनील मराठा ने बताया कि गणपति पंडाल की स्थापना के दिन से प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में गौरव अग्रवाल, निशू अग्रवाल, संचित अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, टीटू मित्तल, एकांश अग्रवाल, अंशुल, संजय, नंदू, सचिन, विजय, शैली गोयल सहित अनेक सहयोगी जुटे हैं। महिलाओं में कीर्ति अग्रवाल, सुधा त्यागी, सोनाली, रीना अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, प्रियांशी, साक्षी, बिनु सिंह एवं डिंपल सहित अन्य महिलाएं सहयोग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है। वहीं 25 सितंबर को श्री गणेश मित्र मंडल मीर सराय के बैनर तले भव्य गणपति विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में नगर के विभिन्न घरों एवं पंडालों में स्थापित छोटे-बड़े गणपति की प्रतिमाएं शामिल होंगी। शोभायात्रा सराफा बाजार से प्रारंभ होकर रेलवे डबल फाटक पर पहुंचेगी, जहां से गणपति प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए हरिद्वार ले जाया जाएगा।

मौनी महादेव मंदिर में भक्तिमय वातावरण व आस्था के साथ हुई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- प्राचीन सिद्धपीठ श्री मौनी महादेव मंदिर में बृहस्पतिवार को भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं की प्रगाढ़ आस्था के साथ हवन पूजन उपरांत मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। पंडित पवन कुमार शर्मा ने यजमान बने तीन दंपत्तियों के साथ पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना व हवन यज्ञ कराया। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्तियों का शाही जलास्नान पंचामृत से जलाभिषेक किया गया। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजि विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को भोग लगाया गया। बृहस्पतिवार को मौनी



महादेव मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में पुजारी पंडित पवन कुमार ने भगवान खाटू श्याम, राम दरबार व लक्ष्मी नारायण की मूर्तियों का शाही जलास्नान, चरणामृत स्नान, अन्न स्नान,फल स्नान,पुष्प स्नान व घृत स्नान के बाद पंचामृत से जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात सर्वप्रथम लक्ष्मी नारायण, राम दरबार तथा हरे के सहारे खाटू श्याम जी आदि की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।धार्मिक अनुष्ठान में पुजारी पंडित पवन शर्मा ने यजमान गौरव अग्रवाल व पत्नी कीर्ति अग्रवाल एवं पुत्र एकांश अग्रवाल, आशीष जैन व उनकी धर्म पत्नी तथा मंदिर समिति के लक्ष्मण सैनी, अजय कुमार, रोहन भारद्वाज, अपील जाएं, राजेंद्र सैनी, मनोज सैनी, मनोज जैन, अरुण कुमार वर्मा व जितेंद्र सैनी ने विशेष पूजा अर्चना कराई।कार्यक्रम में सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे व मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता समेत श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

विचार गोष्ठी एवं काव्य संग्रह छाले जो पड़ गये हैं पाँव में का विमोचन

ुलावठी/बुलंदशहर (सब का सपना):- डी.एन. कॉलेज गुलावठी के हिंदी विभाग द्वारा बुधवार को विचार गोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवि नरेश चंद शर्मा द्वारा रचित काव्य संग्रह ह्यछाले जो पड़ गये हैं पाँव मेंह्ल का विमोचन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. महेंद्र कुमार ने की।प्राचार्य ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं, दिशा देने वाला माध्यम भी है। कविता मानवीय संवेदनाओं और संघर्षों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करती है। रचनाकार कवि



नरेश चंद शर्मा ने कहा कि इस संग्रह में जीवन के विविध अनुभवों, संघर्षों और सामाजिक सरोकारों को कविता के माध्यम से व्यक्त करने का प्रयास किया गया है। कविता अपने समय और समाज से संवाद का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर बताया गया कि काव्य संग्रह की भूमिका हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरीश कसाना द्वारा लिखी गई है। डॉ. कसाना ने कहा कि कविताओं में जीवन के यथार्थ, संघर्षशील मनुष्य की पीड़ा और मानवीय मूल्यों की अभिव्यक्ति है। शीर्षक ही जीवन की कठिन परिस्थितियों का सार्थक प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप कुमार सिंह ने किया।

इस दौरान भौतिक विज्ञान विभाग के प्रभारी नरेश कुमार, शारीरिक शिक्षा विभाग के नवीन तोमर सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने कवि से रचना-प्रक्रिया और साहित्य-समाज के संबंध पर प्रश्न पूछे।

अज्ञात कार की टक्कर से बुलेट सवार युवक गंभीर घायल, हादसे में कान के हुए दो टुकड़े

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- भोगली से रिश्तेदारी में मिलने के बाद बुलेट मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे 26 वर्षीय युवक को अकबराबाद चौराहे के पास अज्ञात कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल युवक के कान के दो टुकड़े हो गए। जानकारी के अनुसार थाना नगीना देहात क्षेत्र के गांव झिलमिला गांवड़ी निवासी सौरभ (26) पुत्र मुनेश रिश्तेदारी में भोगली गया था। वहां से



वह बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। बताया गया कि अकबराबाद चौराहे के पास पहुंचते ही सामने से अथवा पीछे से आए अज्ञात कार चालक ने उसकी बुलेट में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सौरभ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायल युवक की मदद करते हुए घटना की सूचना दी। इसके बाद सरकारी एम्बुलेंस की मदद से सौरभ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया गया। हादसे में उसके कान के दो टुकड़े हो गए थे और शरीर पर भी चोटें आईं।

सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घायल सौरभ को निजी उपचार के लिए ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए बिजनौर रेफर कर दिया।अचानक हुई इस दुर्घटना से घायल युवक के परिजनों में चिंता का माहौल है।

रविन्द्र राणा को विद्या वाचस्पति मानद डॉक्टरेट से अलंकृत किया

गुलावठी/बुलंदशहर (सब का सपना):- शहीद नगरी गुलावठी निवासी साहित्यकार एवं पर्यावरणविद रविन्द्र राणा को काव्य सृजन एवं साहित्य सेवा क्षेत्र में वैश्विक योगदान हेतु सनातन अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक विश्वज्ञानालय ने "विद्या वाचस्पति" मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की है। सनातन अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक विश्वज्ञानालय द्वारा विश्व गुरु भारत



फाउंडेशन एवं संयुक्त गुरुकुल परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितंबर को हिंदी भवन भोपाल में हिंदी साहित्य के मूर्धन्य विद्वान, मनीषियों, कवियों को विद्या वाचस्पति मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। रविन्द्र कुमार राणा ने सनातन अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक विश्वज्ञानालय की चयन निर्णायक मण्डल को आभार प्रकट करते हुए आयोजकों को कृतज्ञता ज्ञापित की है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 'सेवा संकल्प अभियान, नजीबाबाद में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सेवा संकल्प अभियान' के तहत संजीवनी चैरिटेबल ब्लड सेंटर (हरिद्वार रोड, नजीबाबाद) द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान भाजपा के मंडल



अध्यक्ष (पिछड़ा मोर्चा) नीरज पाल एडवोकेट ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को इस महादान के प्रति जागरूक किया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है, जिससे कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में सभी रक्तदाताओं का उचित परीक्षण कर सुरक्षित तरीके से ब्लड डोनेट कराया गया।

एनआर ग्लोबल स्कूल में श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

गुलावठी/बुलंदशहर (सब का सपना):- एनआर ग्लोबल स्कूल में भगवान विश्वकर्मा पूजा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की कामना करते हुए मशीनरी, निर्माण कार्य और तकनीकी संसाधनों से जुड़े कर्मचारियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन श्री मंगल सिंह, डायरेक्टर डॉ. विनय खारी और प्रधानाचार्या डॉ. आरती छपराना ने



भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया। उन्होंने विद्यालय की निरंतर उन्नति और सभी कर्मचारियों के सुरक्षित एवं सफल कार्य की प्रार्थना की। कार्यक्रम में ट्रांसपोर्ट इंचार्ज दीपक, चालक-परिचालक तथा निर्माण और मशीनरी विभाग से जुड़े कर्मचारियों ने भी सहभागिता की। मैनपाल, मनोज, अजंदर, बिट्टू, अनिल, ब्रह्मजीत, राजकुमार, गौरव, इंदर और सतेंद्र सहित अन्य कर्मचारियों ने पूजा में भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. विनय खारी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रम, कौशल, तकनीक और कर्म के सम्मान की प्रेरणा देती है। विद्यालय परिवार ने श्रमिकों, तकनीकी कर्मचारियों, चालक-परिचालकों और सहयोगी स्टाफ के योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।

जहानाबाद एवं बिंदकी विधायकों ने पहलवानों को किया सम्मानित, नेपाल के शंकर थापा ने राजस्थान के अंगद को चित किया





फतेहपुर (सब का सपना):- जिले के अमौली विकास खंड के नेवरी जलालपुर गांव में श्री श्री दानवीर बाबा कमेटी के तत्वावधान में 83वां विशाल ईनामी दंगल महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दंगल में पड़ोसी देश नेपाल सहित देश के विभिन्न राज्यों के दिग्गज पहलवानों ने अखाड़े में अपना दमखम दिखाया। हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ ने इस महादंगल का लुत्फ उठाया। दंगल का सबसे रोमांचक मुकाबला नेपाल के शंकर थापा और राजस्थान के अंगद पहलवान के बीच हुआ। दोनों पहलवानों के बीच करीब 15 मिनट तक चले घमासान में नेपाल के शंकर थापा ने शानदार दांव-पेंच लगाते हुए राजस्थान के अंगद को पटखनी देकर जीत हासिल की। दर्शकों ने तालियों से विजेता का स्वागत किया। इसी प्रकार हरिद्वार के बाबा भगत दास ने राजस्थान के ही शैतान सिंह को हराया। बाराबंकी के देवा शरीफ से आए पहलवान अकरम अंसारी ने मध्य प्रदेश के तूफान पहलवान को धूल चटाई। इसके अलावा अन्य जोड़ों में भी पहलवानों ने रोमांचक मुकाबले का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल और बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी पहुंचे। दोनों विधायकों ने पहलवानों को माला पहनाकर और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि दंगल हमारी मिट्टी की परंपरा है, इसे बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाते हैं। दंगल प्रतियोगिता का कुशल संचालन प्रसिद्ध कमेंटेटर राम भवन मिश्रा एवं गायक धर्मेंद्र सिंह ने किया।

अंत में दानवीर बाबा कमेटी के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया और विशाल जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से दंगल का आनंद लिया।इस दौरान दंगल कमेटी के संयोजक पं. सर्वेश तिवारी सहित समस्त ग्रामवासी और हजारों की संख्या में पहलवान प्रेमी मौजूद रहे।

आशीर्वाद का दीया से रोशन हुआ अमरोहा, गांव से शहर तक जगमगाए दीप





अमरोहा (सब का सपना):- सेवा संकल्प अभियानझ्हृजन सेवा से देश सेवा के अंतर्गत जनपद अमरोहा में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को ह्यविकसित भारत-2047ह्ल के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 5.65 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए गए।जनपद के 9 नगरीय निकायों में 95 स्थानों पर 1,65,200 दीप जलाए गए, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 04 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इस प्रकार जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा, जनभागीदारी और सामूहिक संकल्प का संदेश दिया गया। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत सायं 07 बजे श्री वासुदेव मंदिर, पुलिस लाइन, गंगा घाट तिगरी, सरकारी कार्यालयों, प्रमुख परियोजनाओं, मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों, गंगा एक्सप्रेसवे तथा विधानसभावार चयनित प्रमुख स्थलों सहित विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इसके साथ ही लाभार्थियों के घरों, पंचायत सचिवालयों, घाट, अमृत सरोवरों, जल जीवन मिशन की पेयजल टंकियों, शिक्षण संस्थानों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, नगरीय निकायों तथा विभिन्न परियोजना स्थलों पर भी आशीर्वाद का दीया जलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री के जनसेवा के 25 वर्षों की यात्रा, सेवा, सुशासन, जनकल्याण एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रयासों को स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की गई। ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक दीपों की रोशनी ने जनपद को जगमगा दिया और नागरिकों की व्यापक सहभागिता ने सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप प्रदान किया। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में आम जनमानस से लेकर जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों में दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प का संदेश दिया। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के साथ जनपद में सेवा संकल्प अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचा। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों की फोटो एवं वीडियो आशीर्वाद का दीया हैशटैग के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा की गईं।

17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत होंगे विभिन्न कार्यक्रम





अमरोहा (सब का सपना):- कलेक्ट्रेट सभागार में माध्यमिक शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री गुलाब देवी की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद कंवर सिंह तंवर, शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, विधायक राजीव तरारा, जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़, सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र सहित अधिकारी मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सेवा काल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें सेवा दिवस, आशीर्वाद का दीया, नमो सेवा-अनकही कहानियां, आंगन मिलन सेवा, सेवा ज्योति कलश यात्रा, सेवा सेतु अभियान, सेवा के रंग राष्ट्र के संग आदि शामिल हैं। सेवा सेतु के तहत ब्लॉकों में शिविर लगाकर पात्रों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत श्रमजीवी किट और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिवस पर एक माह तक कार्यक्रम होंगे,

जिनका उद्देश्य योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना है। सांसद कंवर सिंह तंवर ने विश्वकर्मा जयंती और पीएम मोदी के जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना से कारीगरों को प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता मिल रही है।

बिजनेस क्लास का टिकट लेकर इकोनॉमी में सफर, विरोध करने पर गिप्पी ग्रेवाल को मिली प्लेन से उतारने की धमकी

चंडीगढ़। पंजाबी गायक और अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल ने एयर कनाडा की उड़ान में कथित तौर पर बिजनेस क्लास की सीट नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। गिप्पी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि उन्होंने बिजनेस क्लास के लिए भुगतान किया था, लेकिन उन्हें इकोनॉमी क्लास में बैठा दिया गया। उन्होंने एयरलाइन स्टाफ के रवैये पर भी सवाल उठाए। गिप्पी के अनुसार, जब उन्होंने स्टाफ से सीट बदलने का कारण पूछा तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उनका दावा है कि उन्हें मूल रूप से यह बताया गया कि ऐसा हो गया है और अब कुछ नहीं किया जा सकता। इसके बाद उन्हें या तो उड़ान लेने या उसे छोड़ने की बात कही गई।मदद मांगने पर विमान से उतारने की बात कही गिप्पी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि जब उन्होंने बार-बार इस बारे में सवाल किया तो उनकी समस्या सुलझाने की कोशिश करने के बजाय उन्हें विमान से उतारने की बात कही गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी अतिरिक्त सुविधा की मांग नहीं कर रहे थे, बल्कि उसी बिजनेस क्लास



सीट की मांग कर रहे थे जिसके लिए उन्होंने भुगतान किया था।गिप्पी ने यह भी लिखा कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान एयरलाइन की ओर से उनसे साधारण माफी तक नहीं मांगी गई। उन्होंने एयर कनाडा के साथ हुए अनुभव को बेहद खराब बताया।

एयर कनाडा ने पोस्ट पर दिया जवाब

गिप्पी की पोस्ट के बाद एयर कनाडा के आधिकारिक एक्स अकाउंट से जवाब दिया गया। एयरलाइन ने घटना पर खेद जताते हुए माफी मांगी और गिप्पी से बुकिंग रेफरेंस तथा टिकट पर दर्ज पूरा नाम या नामों की जानकारी निजी संदेश (डीएम) के माध्यम से भेजने को कहा। एयरलाइन ने कहा कि इन जानकारियों के आधार पर वह मामले को देखेगी।हालांकि, एयर कनाडा के शुरूआती जवाब में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि गिप्पी को बिजनेस क्लास से इकोनॉमी में क्यों बैठाया गया और सीट में बदलाव किस वजह से हुआ। गिप्पी ने जिस उड़ान एसी1504 का उल्लेख किया है, वह एयर कनाडा की टोरंटो से न्यूयॉर्क जाने वाली उड़ान है। उपलब्ध उड़ान विवरण के अनुसार यह फ्लाइट टोरंटो के पियर्सन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से न्यूयॉर्क के नेवार्क लिबर्टी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच संचालित होती है। 16 सितंबर की निर्धारित उड़ान का समय टोरंटो से दोपहर 12 बजे और नेवार्क पहुंचने का समय दोपहर 1:35 बजे था। उड़ान के लिए एयरबस ए320 विमान दर्ज था।

गिप्पी ग्रेवाल की पोस्ट के अनुसार फिलहाल विवाद का केंद्र बिजनेस क्लास के लिए भुगतान के बावजूद इकोनॉमी सीट मिलना और शिकायत करने पर एयरलाइन स्टाफ का कथित रवैया है। एयर कनाडा की ओर से मामले की जांच किए जाने की बात कही गई है।

जालंधर के कॉलेज में हथियार लहराते हुए गाने की शूटिंग, पंजाबी सिंगर निज्जर पर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज

जालंधर। शहर के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में पंजाबी सिंगर निज्जर उर्फ हरिंदर पाल सिंह द्वारा गीत की शूटिंग में गन कल्चर को प्रमोट करने का मामला सामने आया है। केमिस्ट्री गुरु प्रो. एमपी सिंह ने इस संबंध में डीसी वरजीत सिंह वालिया व कालेज मैनेजमेंट को ई-मेल के जरिये शिकायत दी। एडीसीपी-1 मुख्तियार राय ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो में गायक हरिंदर पाल सिंह निज्जर एक कॉलेज में गीत की शूटिंग करता हुआ दिख रहा है। आर्मस एक्ट के तहत केस दर्ज

इस पोस्ट में वह और उसके साथी कथित तौर पर हथियार दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। थाना एक में बीएनएस की धारा 223 और 190 व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी सरेआम हथियारों का प्रदर्शन करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ शिकायतकर्ता प्रो. एमपी सिंह का कहना है कि उक्त प्रतिष्ठित कॉलेज है और वहां से नामी सूफी व गजल गायक निकले हैं। ऐसे में उस स्थान पर आकर गीतों के जरिये गन कल्चर को बढ़ावा देना गलत है। अगर गोली चल जाए तो क्या होगा।

अब एक लाख तक बकाया बिल वालों के कटेंगे कनेक्शन, जालंधर में बिजली विभाग का एक्शन



जालंधर। पावरकाम अब 20 हजार से एक लाख तक बिजली बिल बकाया वाले 25,257 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटेगा। एक साल से उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं करवाया है। तीन दिनों के भीतर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। पहले अस्थायी तौर पर कनेक्शन काटे जाएंगे। अगर उपभोक्ता दो सप्ताह में बिल जमा नहीं करवाता है तो स्थायी तौर पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। 20 से 50 हजार तक बकाया बिल वाले 18,281 उपभोक्ता हैं, जिनसे 58.28 करोड़ व 50 हजार से एक लाख रुपये तक बकाया वाले 6,976 उपभोक्ता हैं, जिनसे 47.69 करोड़ रुपये पावरकाम ने वसूलने हैं। पिछले दो सप्ताह में पावरकाम ने एक से ढाई लाख रुपये तक बकाया वाले 5,085 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे थे। इनसे 12.51 करोड़ रुपये बिल की रिकवरी की गई। पावरकाम के डिप्टी चीफ इंजीनियर गुलशन चुटानी ने कहा कि कार्रवाई जारी रहेगी।20 से 50 हजार तक बकाया बिल वाले हैं 18,281 उपभोक्ता 50 हजार से एक लाख 50 रुपये का बकाय वाले हैं 6,976 उपभोक्ता 25 हजार से ज्यादा लोगों कनेक्शन काटेगा पावरकाम। 25 करोड़ का बिजली बिल बकाया घरेलू व कमर्शियल उपभोक्ताओं का ईस्ट कैंट मॉडल टाउन वेस्ट फगवाड़ा डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लिस्ट तैयार हो चुकी है। घरेलू व कमर्शियल उपभोक्ताओं का 25 करोड़ का बिल बकाया है। गुलशन चुटानी, डिप्टी चीफ इंजीनियर

यात्रा से पहले पीड़ित परिवारों से मिले भाजपा नेता, सुनील जाखड़ बोले- नशे पर राजनीति नहीं, दर्द समझने की जरूरत

चंडीगढ़। पंजाब में नशे के खिलाफ भाजपा की ओर से शुरू की जा रही नशा विरोधी यात्रा से एक दिन पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने नशे के कारण अपने बच्चों और करीबियों को खो चुके परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान जाखड़ ने कहा कि नशे के मुद्दे को राजनीतिक रंग देने के बजाय उन परिवारों का दर्द समझने की जरूरत है, जिन्होंने अपने अपनों को खोया है।



जाखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि नशे के खिलाफ लड़ाई को केवल राजनीति के तौर पर नहीं देखा जाए। जिन परिवारों के बच्चे नशे की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं, उनके लिए यह राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि जिंदगी भर का दर्द है। उन्होंने कहा कि पंजाब में नशे से मौतें हो रही हैं, लेकिन अब नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को भी नशा तस्करों की ओर से निशाना बनाए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।पीड़ितों की सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता

उन्होंने अबोहर की एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि एक लड़की ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसका भाई नशा करता है और उसे नशा कहां से मिल रहा है। इसके बाद परिवार को कथित तौर पर निशाना बनाया जाने लगा। जाखड़ ने कहा कि ऐसी घटनाएं यह सवाल खड़ा करती हैं कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले आम लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि भाजपा नशे के मुद्दे पर राजनीति नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से नशे को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों में यदि सफलता मिल रही है तो उसे स्वीकार किया जाना चाहिए, लेकिन इसके साथ नशे के खिलाफ लड़ाई को और व्यापक बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा का अभियान नशे के खिलाफ जनजागरण और लोगों को इस लड़ाई से जोड़ने पर केंद्रित है।कल से शुरू होगी भाजपा की नशा विरोधी यात्रा भाजपा की नशा मुक्त पंजाब यात्रा 18 सितंबर से शुरू होगी। पार्टी की ओर से अलग-अलग हिस्सों से यात्राएं निकाली जाएंगी। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल फाजिल्का के सादिकी से यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे,

पंजाब के सरकारी स्कूलों की अब सोशल मीडिया पर भी होगी पहचान, उपलब्धियों और गतिविधियों को करना होगा शेयर

चंडीगढ़। पंजाब के सरकारी स्कूलों की गतिविधियां और उपलब्धियां अब इंटरनेट मीडिया के जरिये भी लोगों तक पहुंचेंगी। पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों को कम से कम एक इंटरनेट मीडिया मंच पर आधिकारिक और सक्रिय खाता बनाने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों को एक्स (पूर्व में ट्विटर), फेसबुक या इंस्टाग्राम में से किसी एक मंच पर आधिकारिक खाता बनाकर उसे सक्रिय रखना होगा। विभाग का उद्देश्य स्कूलों में होने वाली सकारात्मक गतिविधियों, विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपलब्धियों तथा नवाचारी शिक्षण कार्यों को व्यापक स्तर पर सामने लाना है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि जिन सरकारी स्कूलों के पहले से आधिकारिक इंटरनेट मीडिया खाते हैं, उन्हें निर्धारित वेब प्रपत्र के माध्यम से इन खातों की जानकारी उपलब्ध करानी होगी।वहीं, जिन स्कूलों के पास अभी तक कोई आधिकारिक इंटरनेट मीडिया खाता नहीं है, उन्हें



ह्यएक्सह्व, फेसबुक या इंस्टाग्राम में से किसी एक मंच पर खाता बनाना होगा। खाते की जानकारी एमस्टार पोर्टल के माध्यम से दर्ज करनी होगी।

स्कूल की सकारात्मक गतिविधियों की देनी होगी जानकारी

विभाग ने स्कूल प्रमुखों को इंटरनेट मीडिया खातों पर स्कूल की सकारात्मक पहलों और महत्वपूर्ण गतिविधियों की नियमित जानकारी साझा करने के निर्देश दिए हैं। इसमें विद्यार्थियों की उपलब्धियां, शिक्षकों की उपलब्धियां, कक्षा में अपनाई जा रही नवाचारी शिक्षण गतिविधियां, स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की ओर से किए जा रहे कार्य तथा स्कूल में आयोजित होने वाले अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल होंगे। इस पहल से अभिभावकों और आम लोगों को सरकारी स्कूलों में हो रहे कार्यों की जानकारी मिल सकेगी। साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपलब्धियों को भी सार्वजनिक मंच मिल सकेगा। विद्यार्थियों का रिकॉर्ड भी होगा अद्यतन इंटरनेट मीडिया खाते बनाने के साथ शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के रिकार्ड को एमस्टार एप पर अद्यतन करने के भी निर्देश दिए हैं। स्कूल प्रमुखों को प्रत्येक विद्यार्थी का पूरा आवासीय पता जांचकर अपडेट करने को कहा गया है।

अल्टीमेटम खत्म! अमृतसर-फिरोजपुर सहित 5 जिलों में रेलवे ट्रैक पर डटे किसान, ट्रेनों के बदले रूट; यात्री परेशान



अमृतसर। किसान मजदूर मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर वीरवार को अमृतसर के गांव देवीदासपुरा, संगरूर के सुनाम, गुरदासपुर, मोगा और फिरोजपुर में मल्लांवाला रेलवे ट्रैक पर धरना शुरू कर दिया। मोर्चा की ओर से सरकार को दोपहर 12 बजे तक मांगों पर सकारात्मक फैसला लेने का अल्टीमेटम दिया गया था। निर्धारित समय तक सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने के बाद किसानों ने रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया। मोर्चा के सदस्य बड़ी संख्या में रात को ही देवीदासपुरा पहुंच गए थे। किसान नेताओं का कहना था कि वे अंतिम समय तक सरकार के जवाब का इंतजार कर रहे थे। उम्मीद थी कि सरकार उनकी मांगों पर विचार करते हुए कोई निर्णय लेगी, लेकिन दोपहर 12 बजे तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर रेल ट्रैक पर धरना शुरू करने का फैसला लिया गया। जिसके बाद ट्रेनों पर असर दिखने लगा है।फिरोजपुर में धरने पर बैठे किसान। इससे पहले बुधवार को किसान मजदूर मोर्चा चैप्टर पंजाब की अहम बैठक किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के कार्यालय में हुई थी। बैठक के बाद किसान नेताओं ने स्पष्ट किया था कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा रेल रोको आंदोलन शुरू किया जाएगा।

किसान नेताओं ने कहा कि सरकार को कई बार अपनी मांगों से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में अब रेल ट्रैक पर धरना शुरू किया गया है।जंडियाला गुरु में रेलवे फाटक देवीदास पूरा के समीप किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य डीसी दलविंदर जीत सिंह के साथ बैठक करते हुए । अमृतसर-नई दिल्ली रेलवे ट्रैक पर जंडियाला गुरु स्टेशन के पास देवीदासपुरा में किसान ट्रैक पर बैठने के बाद ट्रेनों पर इसका असर दिखा है। जिससे अमृतसर-न्यूजलपाईगुड़ी एक्सप्रेस साप्ताहिक, अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस, नंगल डैम एक्सप्रेस और अमृतसर-कादियां को तरन तारन रास्ते रवाना किया जाएगा।

जबकि, अमृतसर न्यू दिल्ली के बीच चलती शान-ए- पंजाब एक्सप्रेस को ब्यास से शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया गया है। उसे ब्यास से ही वापस न्यू दिल्ली के लिए रवाना करने का फैसला लिया गया है।

किसानों की प्रमुख मांगें:

न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ): फसलों के लिए केरल की तर्ज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दी जाए।

भूमि के अधिकार: खेती करने वाले किसानों को जमीन पर स्थायी मालिकाना हक प्रदान किया जाए।

कर्ज मुक्ति: किसानों और मजदूरों के कर्ज पूरी तरह से माफ किए जाएं।

मुआवजा: बाढ़ से प्रभावित किसानों को हुए नुकसान का तुरंत मुआवजा दिया जाए।

भूमि अधिग्रहण पर रोक: भूमि पूलिंग नीति को वापस लिया जाए और कृषि भूमि के जबरन अधिग्रहण पर तुरंत रोक लगाई जाए।

बिजली और मीटर नीति: बिजली संशोधन विधेयक 2025 को वापस लिया जाए और स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को रोका जाए।

गन्ने का बकाया: गन्ने का लंबित भुगतान जल्द से जल्द जारी किया जाए।

भ्रष्टाचार व नशे पर कार्रवाई: नशा तस्करों और सरकारी कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

रोजगार: युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएं।

व्यापार समझौता: प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को वापस लिया जाए।

तीन साल से फरार पंजाब के बर्खास्त AIG राजजीत सिंह सरेंडर करने को तैयार, 50 से अधिक NDPS सैंपल फेल होने से जुड़ा है मामला

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस के बर्खास्त सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) राजजीत सिंह हुंदल ने करीब साढ़े तीन साल से फरार रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट में सरेंडर करने की पेशकश की है। राजजीत अप्रैल 2023 से फरार चल रहे हैं और उनके खिलाफ मामला पुलिस-ड्रग तस्कर गठजोड़ के आरोपों से जुड़ा है। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के 20 जुलाई के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। साथ ही मामले की जांच पंजाब पुलिस से किसी दूसरी जांच एजेंसी को सौंपने की मांग की है। उनका तर्क है कि राज्य पुलिस के रहते उन्हें निष्पक्ष जांच नहीं मिल सकेगी। 10 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान राजजीत की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अमित रावल ने पीठ को बताया कि उनका मुवक्किल सरेंडर करने के लिए तैयार है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मामले को आगे के लिए स्थगित करते हुए राजजीत को इस बीच सरेंडर करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सरेंडर के बाद वह उचित आवेदन दाखिल कर सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई अब एक अक्टूबर को होगी। 2018 की एफआइआर से शुरू हुआ मामला

राजजीत सिंह हुंदल का नाम बर्खास्त पुलिस इंस्पेक्टर इंदरजीत सिंह से जुड़े मामले में सामने आया था। विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने 12 जून 2018 को इंदरजीत सिंह के खिलाफ एफआइआर दर्ज की थी।इसमें भारतीय दंड संहिता की धाराएं 120-बी, 218 और 384 तथा एनडीपीएस एक्ट की धाराएं 59 और 39 लगाई गई थीं। जांच आगे बढ़ने पर राजजीत को भी इस मामले में सह-आरोपित बनाया गया। मामला इंदरजीत सिंह की ओर से ड्रग से जुड़े मामलों की जांच और पुलिस सेवा के दौरान उसकी भूमिका से संबंधित आरोपों से जुड़ा था। राजजीत पर आरोप लगाया गया कि तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रहते उन्होंने इंदरजीत को संरक्षण दिया। उस समय इंदरजीत सीआइए प्रभारी के रूप में तैनात था।तीन रक्कों की रिपोर्ट के आधार पर हुई बर्खास्तगी पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निदेर्शों के अनुपालन में मामले की जांच के लिए तीन विशेष जांच टीमों (एसआइटी) का गठन किया गया था। पंजाब सरकार ने इन एसआइटी की रिपोर्ट के आधार पर अप्रैल 2023 में राजजीत को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया। बर्खास्तगी आदेश में राजजीत और इंदरजीत के बीच कथित मिलीभगत तथा ड्रग तस्करों को संरक्षण देने के आरोपों का उल्लेख किया गया। सरकारी आदेश के अनुसार, राजजीत के तरनतारन एसएसपी रहने और इंदरजीत के सीआइए प्रभारी के रूप में तैनात रहने के दौरान एनडीपीएस के मामलों में 50 से अधिक सैंपल फेल हुए थे। आदेश में एसआइटी की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया कि दोनों ने कथित तौर पर अपने हितों के लिए सरकारी तंत्र का इस्तेमाल किया और इंदरजीत के खिलाफ दर्ज एफआइआर की जांच को प्रभावित किया। निदोर्षों को फंसाने और तस्करों को बचाने के आरोप बर्खास्तगी आदेश में राजजीत पर अपने पद का दुरुपयोग कर ड्रग तस्करों को कानून की पकड़ से बचाने और निर्दोष लोगों को झूठे ड्रग मामलों में फंसाने के आरोप भी लगाए गए थे। सरकार के आदेश में कहा गया था कि पुलिस विभाग न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और ऐसे अधिकारी को विभाग में बनाए रखना उचित नहीं होगा। अब राजजीत की सुप्रीम कोर्ट में सरेंडर की पेशकश के बाद मामले की न्यायिक प्रक्रिया फिर महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गई है।

अमृतपाल सिंह के समर्थन में द ग्रेट खली का बयान, बोले- पंजाब को नशामुक्त बनाने में निभा सकते हैं अहम भूमिका

चंडीगढ़। पंजाब में नशे के खिलाफ भाजपा की ओर से 18 सितंबर से शुरू होने जा रही नशा मुक्त पंजाब यात्रा से ठीक पहले भाजपा नेता और पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन दलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली ने खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह को लेकर बड़ा बयान दिया है। एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में खली ने कहा कि पंजाब को नशे से मुक्त कराने में अमृतपाल सिंह की भूमिका अहम हो सकती है। खली ने अमृतपाल को जेल से बाहर आने और राजनीति में काम करने का अवसर दिए जाने की बात भी कही। खली ने कहा कि अमृतपाल सिंह ने पंजाब के युवाओं को अमृत छकाने, पगड़ी बांधने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया है। उनके इस योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमृतपाल को केवल नकारात्मक नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए और यह भी देखा



जाना चाहिए कि उन्होंने पंजाब के युवाओं के लिए क्या काम किया है।राजनीतिक अनुभव पर बोले- ट्रेनिंग जरूरी नहीं

अमृतपाल सिंह के राजनीतिक अनुभव और पृष्ठभूमि पर उठने वाले सवालों के जवाब में खली ने कहा कि सच बोलने और पंजाब को सुधारने के लिए किसी राजनीतिक ट्रेनिंग या लंबे अनुभव की जरूरत नहीं है। उनका कहना था कि यदि किसी व्यक्ति की नीयत साफ है तो वह बिना पैसे खर्च किए भी लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकता है। खली ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि अमृतपाल के पास पंजाब को संभालने और सुधारने की क्षमता है।खली ने यह भी कहा कि अमृतपाल को राजनीति में खुलकर काम करने का पूरा अवसर नहीं मिला और वह सीधे जेल चले गए। उनके मुताबिक अमृतपाल को काम करने का मौका मिलना चाहिए। पंजाब के सीमावर्ती राज्य होने का हवाला देते हुए उन्होंने नेतृत्व के सवाल को भी महत्वपूर्ण बताया। भाजपा की नशा मुक्त पंजाब यात्रा 18 सितंबर से शुरू होने जा रही है। यात्रा के कार्यक्रमों से पहले चंडीगढ़ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ समेत पार्टी के नेता जुटे हैं। भाजपा की ओर से प्रदेश में नशे के खिलाफ अभियान को लेकर अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ऐसे समय में पार्टी नेता द ग्रेट खली का अमृतपाल सिंह को लेकर दिया गया बयान राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। फ्री सुविधाओं पर भी साधा निशाना खली ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार की मुफ्त सुविधाओं की नीति पर भी सवाल उठाए। महिलाओं को आर्थिक सहायता, मुफ्त बस सेवा और मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह मुफ्त की व्यवस्था के पक्ष में नहीं हैं।

ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चला अभियान, 19 वाहन सीज

संभल(सब का सपना):- गुरुवार को पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात अजीत सिंह और प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस ने ओवरलोडिंग और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। कार्यवाहक प्रभारी यातायात अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पिकअप, ई-रिक्शा और टेंपो समेत अन्य वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा टेंपो और ई-रिक्शा में अवैध रूप से



लगाए गए 21 पायदान और अतिरिक्त सीटों को हटवाया गया। वाहन चालकों को भविष्य में पायदान अथवा अतिरिक्त सीट लगाकर वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया गया। वहीं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ 31 वाहनों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। जनपद संभल में यातायात पुलिस द्वारा कुल 275 वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई करते हुए 6 लाख 57 हजार 700 रुपये का जुमार्ना किया गया। कार्यवाहक प्रभारी यातायात अशोक कुमार ने बताया कि यातायात पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

'पूरे कनाडा पर राज करेंगे...', लॉरेंस-गोल्डी गैंग की चिट्ठी से मचा हड़कंप; पुलिस स्टेशनों पर फायरिंग की धमकी

चंडीगढ़। भारत की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सिंडिकेट ने कनाडा में अपनी पकड़ और प्रभाव को लेकर सीधे वहां की पुलिस, सेना और रक्षा प्रतिष्ठान को चुनौती देने का दावा किया है। कनाडा के अबॉट्सफोर्ड में सामने आई कथित चिट्ठी में गैंग की ओर से दावा किया गया है कि उसके पांच हजार से अधिक सदस्य कनाडा में सक्रिय हैं और पैसे के लिए किसी पर भी गोली चला सकते हैं। चिट्ठी में पुलिस को चेतावनी दी गई है कि अगर उसकी गतिविधियों में हस्तक्षेप किया गया तो पुलिस स्टेशनों पर फायरिंग हो सकती है। चिट्ठी में लिखा- पूरे कनाडा को जय श्री राम चिट्ठी की शुरूआत 'पूरे कनाडा को जय श्रीराम' से की गई है। इसमें लॉरेंस गैंग और गोल्डी बराड़ के नाम का उल्लेख करते हुए कनाडा में मौजूद अपने साथियों को संदेश दिया गया है। कथित पत्र में लिखा है कि गैंग को कनाडा पर राज करने से कोई नहीं रोक सकता। साथ ही वहां सक्रिय हेल्स एंजल्स समेत अन्य आपराधिक समूहों को भी चुनौती दी गई है। 1000 डॉलर में गोली चलाने का दावा कथित पत्र में गैंग ने दावा किया है कि उसके पास कनाडा में पांच हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इनमें से बड़ी संख्या में लोग महज एक हजार डॉलर के बदले किसी भी व्यक्ति पर गोली चलाने के लिए तैयार हैं।कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सीधे चेतावनी देते हुए कहा गया है कि गैंग की गतिविधियों से दूर रहें, अन्यथा अगले दिन किसी पुलिस स्टेशन पर गोलीबारी की खबर आ सकती है। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि गैंग के पास कनाडाई पुलिस से ज्यादा हथियार हैं।पत्र में कनाडा में रहने वाले गोरे लोगों के



खिलाफ नस्लीय टिप्पणी भी की गई है और उन्हें देश छोड़ने की धमकी दी गई है। वहीं कारोबारियों को भी निशाना बनाते हुए हर बिजनेसमैन से प्रोटेक्शन मनी वसूलने की बात कही गई है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि कारोबारी भारतीय हो, गोरा हो या अश्वेत, भुगतान सभी को करना होगा। कनाडाई एजेंसियों ने साझा की जानकारी लॉरेंस बिश्नोई वर्ष 2015 से भारत की जेल में बंद है। इसके बावजूद सुरक्षा एजेंसियां लंबे समय से उसके सिंडिकेट के विदेशों में सक्रिय नेटवर्क की जांच कर रही हैं। अबॉट्सफोर्ड पुलिस ने कथित तौर पर लॉरेंस गैंग से जुड़े पत्र के मिलने की पुष्टि की है। इसकी जानकारी जबरन वसूली के मामलों की जांच कर रही अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ भी साझा की गई है। कनाडा के अलग-अलग हिस्सों में भारतीय मूल के कारोबारियों, दक्षिण एशियाई समुदाय से जुड़े लोगों और अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों के प्रतिष्ठानों पर गोलीबारी और आगजनी के मामलों में लॉरेंस-गोल्डी नेटवर्क की भूमिका की जांच होती रही है। सरे में भारतीय रेस्तरां और कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैप्स कैफे पर हुई गोलीबारी के मामलों में भी इस नेटवर्क से जुड़े लोगों की भूमिका के दावे सामने आए थे। जेल में बंद लॉरेंस, विदेश में फैला नेटवर्क

पुलिस रिकार्ड में सतविंदर सिंह उर्फ लॉरेंस बिश्नोई का पता फाजिल्का जिले के दतरांवाली गांव का दर्ज है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की रिपोर्ट में उसके खिलाफ 84 प्राथमिकी का उल्लेख किया गया है और चार मामलों में दोषसिद्धि हो चुकी है।

अमृतसर के अजनाला थाने पर हमले के मामले में अमृतपाल के 8 साथियों की कोर्ट में पेशी, सभी के बयान हुए कलमबंद

अमृतसर। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के आठ साथियों को अजनाला थाने पर हमले के मामले में वीरवार दोपहर अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान सभी आरोपितों के बयान कलमबंद किए गए। अब मामले में अदालत की आगामी कार्रवाई पर नजर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि अगले दो से तीन महीनों में मामले में निर्णय की स्थिति बन सकती है। अदालत में पेश किए गए आरोपितों में हरमेल सिंह, बसंत सिंह, कुलवंत सिंह, हरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलविंदर सिंह, ईश्वर सिंह और भगवंत सिंह उर्फ प्रधानमंत्री बाजेके शामिल हैं। सभी आरोपितों को मामले की सुनवाई के तहत अदालत में पेश किया गया। उनके बयान दर्ज किए जाने के बाद अब आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि फरवरी 2023 में अमृतपाल सिंह और उसके सैकड़ों समर्थकों ने धार्मिक यात्रा की आड़ में



अजनाला थाने पर हमला किया था। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। हमले में पुलिस अधीक्षक जुगराज सिंह सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हुए थे।इस मामले के बाद पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।

मामले को लेकर पंजाब में कानून-व्यवस्था और पुलिस सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई थी। डिब्रूगढ़ जेल में बंद है अमृतपाल मामले में अमृतपाल सिंह का मुकदमा इसी अदालत में अलग से चल रहा है। उसके साथियों की सुनवाई और अमृतपाल सिंह के मामले की प्रक्रिया अलग-अलग चल रही है। वीरवार को पेश किए गए आठ आरोपितों के बयान कलमबंद किए जाने के बाद अदालत की अगली कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी।



कभी-कभी मेरे अंदर का लठैत जाग उठता है

कद्दावर अभिनेता मनोज बाजपेयी करीब तीन दशकों से अपनी भूमिकाओं के साथ -नित नए प्रयोग करते जा रहे हैं। मनोरंजन के नए डायनामिक्स के साथ भी उन्होंने कदमताल करना सीखा, यही वजह है कि सिनेमा के साथ -साथ वे ओटीटी का भी बड़ा चेहरा बन गए। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' को लेकर।

तीस सालों से भी ज्यादा का सफर तय कर चुके मनोज बाजपेयी सोशल मीडिया पर अच्छे-खासे एक्टिव हैं, मगर वे यहां होने वाली उठापटक से कितना प्रभावित होते हैं? उनके लिए लाइक्स, कमेंट्स और व्यूज कितना मायने रखते हैं? इस पर वे कहते हैं, 'मैं लाइक्स और कमेंट्स नहीं देखता। अब इतने साल बाद मुझे ये देखना पड़े तो लानत है मेरे काम, मेरी तीस साल की जर्नी पर'।

जिस स्थिति से गुजरा मैं ही जानता हूं

उन जैसे सोबर अभिनेता को क्या कभी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा? इस पर वे तपाक से कहते हैं, 'बिलकुल, हाल-फिलहाल कुछ ही महीने पहले जब मेरी एक फिल्म के टाइटल (घूसघोर पंडित) को लेकर विवाद हुआ, उस पर जो धमकियां और जान की धमकी मिली और मैं जिस स्थिति से गुजरा मैं ही जानता हूं। क्योंकि उस फिल्म का चेहरा मैं हूं, तो मुझे ये सब सहना पड़ा। खैर अब तो फिल्म का शीर्षक बदल दिया गया है। अब क्या है न कि आप कोई भी फिल्म बना रहे हो, कोई भी क्रिएटिव काम कर रहे हो, तो उसके विरोध के स्वर कहीं से भी आ सकते हैं। आज के दौर में ट्रोलिंग बहुत आसान है। कोई भी कहीं से कुछ भी बोल सकता है। अगर आपको गाली देना हो तो बड़े से बड़े लोग भी अछूते नहीं हैं।'

ट्रोलिंग को हैंडल करने के मसले पर वे कहते हैं, 'या तो आप उसको गंभीरता से लीजिए या ये समझिए कि कुछ लोग हैं, जो आपको अपने स्तर पर लाना चाहते हैं, ताकि आप ऐसे जवाब दें, रिएक्ट करें। जाहिर है आप उनके स्तर पर नहीं जाना चाहेंगे। आप अपने जीवन में कितने ऐसे लोगों से बातचीत करते हैं? जो लोग जहीन लोग हैं, जो पढ़ते-लिखते हैं, जो अच्छा देखते हैं, जिनके साथ ज्ञान मिलता है, हम उनके साथ उठते-बैठते हैं। बाकी समय परिवार को जाता है, तो मैं कभी जवाब नहीं देता। मगर कभी-कभी मेरे अंदर का गांव का जो लठैत है, वो अंदर से बाहर आना चाहता है। फिर मैं कहता हूं, मनोज यार, किस-किस के मुंह लगोगे? जो आदमी अभी उठा होगा, जो अपने पिताजी से पैसे मांगने वाला होगा कि आज जरा फिल्म देखने जाना है या मुझे आइसक्रीम खानी है या अपने पिताजी को बेवकूफ बनाना चाह रहा होगा कि कैसे भी पैसे हड़प कर लूं। वो आपको गाली दे रहा है। एक आदमी जो 18 साल की उम्र में घर से बाहर निकल गया, आप अब उसको गाली दे रहे हो, इतना काम करने के बाद। अगर उसको इतनी भी शर्म नहीं, तो क्या ही कहें? मुझे तो छोड़िए, ये बड़े से बड़े लोगों को गाली देते हैं। ऐसे लोगों के मुंह क्या लगना?'



हर बार विरासत हार रही है

उनकी हालिया फिल्म में 'विरासत वर्सेज डेवलपमेंट' की लड़ाई दिखाई गई है। इस मुद्दे पर वे कहते हैं, 'विकास बनाम विरासत, विकास बनाम यादें, ये लड़ाई बहुत पुरानी है और हर बार जो है, विरासत हार रही है। धरती बदल रही है और आधुनिकता के नाम पर जिस तरह के कंस्ट्रक्शन हो रहे हैं, उसमें हम अपनी मिट्टी और विरासत की पहचान कायम नहीं रख पा रहे हैं। सीधी-सी बात है, हमारे एयरपोर्ट्स और स्टेशन हमारी 700, 600 या 1000 साल पुरानी वास्तुकला से प्रेरणा लेकर क्यों नहीं बन सकते? क्यों हमेशा वो मैनहैटन या न्यूयॉर्क का एयरपोर्ट ही लगें? ये बात मुझे आज तक समझ नहीं आई। हर जगह की अपनी पहचान है। अमेरिका की अपनी और हिंदुस्तान की अपनी। राजस्थान में कुछ बन रहा है तो उसमें राजस्थान क्यों नहीं दिखना चाहिए? विकास बनाम विरासत की ये लड़ाई बहुत पुरानी है और इस फिल्म में भी यही संघर्ष है। एक तरफ मास्टर जी हैं, जो अपनी यादों और विरासत को बचाए रखना चाहते हैं, दूसरी तरफ वे लोग हैं जिनकी जरूरतें बढ़ गई हैं और उनके लिए विकास जरूरी है। ये कहानी 50 साल पुरानी नहीं, आज हमारे आस-पास चल रही लड़ाई है।'



संदीपा धर ने अपनी फीमेल को-स्टार्स के साथ अपनी खास बॉन्डिंग के बारे में बात की

'चुंबक' जहां पर्दे पर हंसी, मनोरंजन और शानदार परफॉर्मेंस का वादा करता है, वहीं संदीपा धर के लिए यह प्रोजेक्ट उनकी जिंदगी में इससे भी खास चीज लेकर आया है, और वो है एक खूबसूरत और हमेशा साथ रहने वाला बहनों जैसा रिश्ता। अभिनेत्री ने हाल ही में शो की अपनी फीमेल को-स्टार्स के साथ अपनी खास बॉन्डिंग के बारे में बात करते हुए बताया कि 'चुंबक' के दौरान बनी दोस्ती अब सिर्फ काम तक सीमित नहीं रही, बल्कि एक मजबूत रिश्ते में बदल चुकी है।

अपनी फीमेल को-स्टार्स के साथ बॉन्डिंग को लेकर संदीपा ने कहा, ''चुंबक' ने मुझे सिर्फ बेहतरीन को-स्टार्स ही नहीं दिए, बल्कि एक ऐसा बहनों जैसा रिश्ता भी दिया है, जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगी। नीना मैम, डेलनाज, मानसी, हेली, अमायरा और मैं खुद को गर्व से 'गर्ल गैंग' कहते हैं। सच पूछिए तो इंडस्ट्री में शूटिंग और काम के बीच समय निकालना आसान नहीं होता, लेकिन हम सभी एक-दूसरे के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करते हैं। कभी ब्रंच, कभी डिनर, तो कभी बस साथ बैठकर घंटों बातें करना, ये छोटे-छोटे पल हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं।

इस ग्रुप में इतना प्यार, सपोर्ट, हंसी-मजाक और अपनापन है कि यह परिवार जैसा महसूस होता है। मैं खुश हूं कि 'चुंबक' मेरे जीवन में इन शानदार महिलाओं को लेकर आया। मुझे पूरा यकीन है कि कैमरे बंद होने के बाद भी ये रिश्ता हमेशा मेरे साथ रहेंगी।'

संदीपा की ये बातें 'चुंबक' की महिला कलाकारों के बीच साझा की जाने वाली सच्ची दोस्ती और बॉन्डिंग की झलक देती हैं, जो अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद यह गर्ल गैंग एक-दूसरे के लिए समय निकालना नहीं भूलती। संदीपा की ये बाते, ये भी दिखाती हैं कि साथ काम करते हुए बने कुछ रिश्ते जिंदगी भर के लिए खास बन जाते हैं।



काउगर्ल्स एंड इंडियंस में दिखाई देंगी मनीषा

मनीषा कोइराला एक बार फिर अपनी एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए तैयार हैं। संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी : द डायमंड बाजार' में नजर आने के बाद अब मनीषा एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का हिस्सा बन गई हैं। वह हॉलीवुड की इंडिपेंडेंट फिल्म 'काउगर्ल्स एंड इंडियंस' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग इसी साल नवंबर में अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन और उसके आसपास के इलाकों में शुरू होने वाली है। इस फिल्म का नाम पहले 'काउबॉयज एंड इंडियंस' रखा गया था। बाद में इसका नाम बदलकर 'काउगर्ल्स एंड इंडियंस' कर दिया गया। फिल्म का लेखन और निर्देशन तेजल देसाई कर रही हैं। वह निकोल फेलो भी रह चुकी हैं। फिल्म का निर्माण किर्ताना बंसकोटा कर रही हैं। फिल्म की कहानी अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से की पृष्ठभूमि में रखी गई है। यहां एक भारतीय महिला अपनी जिंदगी, अपनी जड़ों और आसपास के लोगों के साथ अपने रिश्तों को समझने की कोशिश करती है। कहानी में सांस्कृतिक बदलाव, अकेलापन, दोस्ती और खुद को स्वीकार करने जैसे पहलुओं को जगह दी गई है।

आशा के किरदार में नजर आएंगी मनीषा

मनीषा फिल्म में 'आशा' नाम की महिला का किरदार निभाएंगी। आशा एक अधेड़ उम्र की भारतीय महिला है, जो अमेरिकी माहौल में अपनी पहचान को लेकर कई तरह के सवालों से गुजरती है। वह अपने जीवन के ऐसे दौर में पहुंच चुकी है, जहां उसे अपने बारे में कई चीजों को नए नजरिए से देखना पड़ता है। कहानी सिर्फ एक भारतीय महिला के अमेरिका पहुंचने या वहां रहने की नहीं है, बल्कि यह उसके अंदर चल रहे बदलावों पर भी ध्यान देती है। अलग संस्कृति और अलग माहौल के बीच वह नए लोगों से मिलती है और कुछ ऐसी दोस्तियां बनती हैं, जिनकी उसने शायद पहले कल्पना भी नहीं की थी।



रोहित रॉय पर भड़की देवोलीना

अभिनेता रोहित रॉय ने टीवी को 'कूड़ेदान जैसा माध्यम' कहकर चर्चा छेड़ दी है। रोहित ने कहा कि फिल्म स्टार्स में एक खास तरह का स्टाइल और क्लास होता है जो अक्सर टेलीविजन कलाकारों में नहीं दिखता। इस पर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने रोहित रॉय की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग उन्हें सिर्फ रोनित रॉय के भाई के तौर पर जानते हैं।

देवोलीना ने रोहित रॉय से पूछा सवाल

रोहित रॉय की बातों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि रोहित उसी माध्यम का अपमान कर रहे थे, जिसने उन्हें काम और पहचान दी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर वह टेलीविजन के बारे में इतना बुरा सोचते थे, तो इतने वर्षों तक इसका हिस्सा क्यों बने रहे। देवोलीना ने बातचीत में कहा, 'लोगों की एक अजीब आदत होती है कि वे उसी हाथ को काटते हैं जो उन्हें खिलाता है। उसी थाली में छेद करते हैं जिसमें वह खाते हैं। उनकी बातें बिल्कुल वैसी ही लग रही हैं। फिल्मों की तो बात छोड़िए, सच कहूं तो मुझे यह भी याद नहीं कि वह किस टीवी सीरीज में थे। सच कहूं तो, ज्यादातर लोग उन्हें सिर्फ रोनित रॉय के भाई के तौर पर जानते हैं। अगर टीवी इतना ही बुरा था, तो उन्होंने इतने वर्षों तक इसका हिस्सा बने रहने का फैसला क्यों किया? अब वह उसी माध्यम को 'डस्टबिन' कह रहे हैं।'

क्या रोहित कर रहे बॉलीवुड स्टार्स पर तंज

देवोलीना ने यह भी कहा कि रोहित की बातों को उन बॉलीवुड एक्टर्स पर तंज के तौर पर देखा जा सकता है जो अक्सर टेलीविजन पर आते हैं। उन्होंने कहा, 'आज हर बड़ा बॉलीवुड स्टार अपनी फिल्मों को प्रमोट करने, रियलिटी शो होस्ट करने और दर्शकों से जुड़े रहने के लिए टेलीविजन पर आता है। क्या वह यह कहना चाह रहे हैं कि वे सभी 'डस्टबिन मीडियम' में काम कर रहे हैं? यह बस उसी इंडस्ट्री को नीचा दिखाकर ध्यान खींचने की एक हताश कोशिश लगती है जिसने उन्हें बनाया है।'

टीवी को 'कूड़ेदान जैसा माध्यम' बोले थे रोहित रॉय

रोहित रॉय ने बातचीत में कहा था कि मुझसे यह सवाल कई बार पूछा गया है और कभी-कभी मुझे लगता है कि मुझे एहसान-फरामोश नहीं लगना चाहिए। मगर टेलीविजन एक 'डस्टबिन मीडियम' है। आप इसे आज देखते हैं, यह कल के अखबार जैसा होता है। कल आप इसे भूल जाते हैं। इसलिए भारत में दुर्भाग्य से जिस तरह का और जितना कंटेंट बनाया जा रहा है, उसमें शायद ही कोई क्रिएटिविटी होती है।'



...अब विलेन वाली भूमिकाओं से दूरी बनाना चाहते हैं सैफ अली खान

पिछले कुछ सालों में ताना जी के उदयभान, आदिपुरुष के लंकेश, देवरा 1 के भैरवा जैसे नकारात्मक किरदारों के लिए सुर्खियां बटोरने वाले ऐक्टर सैफ अली खान अब विलेन वाली भूमिकाओं से थोड़ी दूरी बनाना चाहते हैं। ऐसे में, अपनी अगली फिल्म हैवान में एक अंधे म्यूजिशियन और मार्शल आर्टिस्ट के चुनौतीपूर्ण रोल को लेकर वह उत्साहित हैं। सैफ अली खान ने अपनी इस फिल्म को लेकर बातें करते हुए कहा कि वह अभी कुछ समय के लिए हीरो के रोल ही करना चाहते हैं। अपनी इस फिल्म में अपने रोल को लेकर बातें की जिसमें वो देख नहीं पाते हैं।

सैफ अली खान ने कहा, ' मैं अभी नेगेटिव रोल से थोड़ा ब्रेक लेना चाहता हूं। तब मैं बतौर ऐक्टर ऐसे किरदार एक्सप्लोर करना चाहता था, मगर अभी कुछ समय के लिए हीरो के रोल ही करना चाहूंगा।' सैफ हैवान के अपने किरदार को बहुत ही खास मानते हैं। वह कहते हैं, 'मैंने अब तक ज्यादातर जो रोल किए हैं, उनके प्रति सहानुभूति नहीं होती। वे या तो मजबूत हैं या प्रिविलेज्ड हैं या नेगेटिव, तो उनके लिए दुख महसूस नहीं होता, जबकि इसके लिए आपके मन से आह निकलती है, जो मेरे लिए बहुत अलग और नई बात थी और मैंने इसी इमोशन को निचोड़ा है।' उन्होंने आगे कहा था, 'हांलांकि, अंधे का रोल करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऊपर से वो बच्चों को म्यूजिक, मार्शल आर्ट, रेसलिंग भी सिखाते हैं, तो मुझे स्ट्रेस था कि वो नकली न लगे लेकिन मेरे दिमाग में जैपनीज समुराई फिल्में थीं। वे काफी ऐसी फिल्में बनाते हैं कि एक अंधा आदमी कैसे सुनकर महसूस करते हैं, फाइट भी कर सकते हैं, तो वे फिल्में देखकर मुझमें कंविक्शन था कि मैं भी ऐसा कर सकता हूं।'



टेलीविजन से बॉलीवुड तक अभिनेत्री प्राची देसाई ने बनाई खास पहचान

हिंदी फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक प्राची देसाई का जन्म गुजरात के सूरत में हुआ था। उनके पिता का नाम निरंजन देसाई है, जो कि पेशे से कॉलेज प्रोफेसर हैं और मां का नाम अमिता देसाई है। वहीं, उनकी एक बहन भी है, जिनका नाम ईशा देसाई है। प्राची ने अपनी स्कूलिंग महाराष्ट्र के पंचगनी के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट से पूरी की। इसके बाद उन्होंने पुणे के सिंहगढ़ कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की। प्राची को शुरू से ही एक्टिंग में रुचि थी। इसलिए उन्होंने पढ़ाई पूरी करने के बाद एक्टिंग की ओर रुख किया। प्राची देसाई ने एकता कपूर के लोकप्रिय टीवी शो 'कसम से' अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके अपोजिट राम कपूर थे। इस सीरियल में उन्होंने बानी दीक्षित वालिया का मुख्य किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया और उन्हें घर-घर में जबरदस्त पहचान मिली।

टेलीविजन इंडस्ट्री में जबरदस्त पहचान बनाने के बाद अभिनेत्री ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू वर्ष 2008 में अभिषेक कपूर के द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म 'रॉक ऑन' से किया। इस फिल्म में उनके साथ फरहान अख्तर, अर्जुन रामपाल, पूरब कोहली और शहाना गोस्वामी भी मुख्य किरदार में थे। पहली फिल्म में ही उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया और उन्होंने टेलीविजन इंडस्ट्री से बॉलीवुड में सफल पहचान बनाई।

अपनी डेब्यू फिल्म में शानदार परफॉर्मेंस के लिए अभिनेत्री को बेस्ट फीमेल डेब्यू के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया। इसके बाद अभिनेत्री ने अन्य कई फिल्मों में काम किया, जिसमें 'लाइफ पार्टनर', 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई', 'तेरी मेरी कहानी', 'बोल बच्चन', 'आई, मी और हम', 'अजहर', 'फॉरेंसिक' आदि शामिल हैं।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।